नव प्रदेश

www.navpradesh.com

रायपुर, मंगलवार 2 नवंबर 2021, कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-259 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

गजब तमाशा है। एक ओर तो दीपावली पर पटाखे फोड़ने पर तमाम पाबंदियां है और दिशा निर्देश का उल्लंघन कर पटाखे चलाने वालों को जेल भेजने का प्रावधान है। वहीं दूसरी ओर एक ड्रगिस्ट के जेल से जमानत पर छूटने पर मन्नत में जमकर आतिशबाजी की गई। प्रत्रकारता के नाम पर चाटूकारिका करने वाले कुछ खबरिया चैनलों ने तो ब्रेकिंग न्यूज चलाई कि मन्नत में दीपावली मनाई गई। दीपावली जैसे पावन पर्व की तुलना एक गंजेड़ी के स्वागत में की गई आतिशबाजी से करना घोर निंदनीय है लेकिन करोड़ों में बिकने वाले दो कौड़ी के लोगों को इससे परहेज नहीं है।

सूर्योदय

उदय : 6:36 प्रात:

अस्त : 5:44 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,903,746,017

भारत : 1,398,417,570

बाजार

संसेक्स : 60,138.46

निफ्टी : 17,929.65

गोल्ड : 46,850 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 68,508 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.31 प्रति नग

दिवस

आज धनतेरस

धनतेरस की पूजा विधि, खरीदारी और पूजा का शुभ मुहूर्त

दिवाली से दो दिन पहले धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन मां लक्ष्मी, धन के देवता कुबेर, धन्वंतरि जी और मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है। इस

दिन सोने-चांदी और घर के लिए बर्तन खरीदने की भी परंपरा है। मान्यता है इस दिन विधि विधान की गई पूजा अर्चना करने से घर परिवार में सदैव सुख-समृद्धि का वास बना रहता है। जानिए धनतेरस की पूजा विधि, शुभ मुहूर्त, कथा, आरती, महत्व। धनतेरस का त्योहार कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। इस तिथि की शुरुआत 2 नवंबर को 11.31 एम से होगी और समाप्ति 3 नवंबर को 09:02 एम पर। प्रदोष काल शाम 05:35 से रात 08:11 बजे तक रहेगा। धनतेरस पूजा का मुहूर्त शाम 06:17 पीएम से रात 08:11 पीएम तक रहेगा। यम दीपम का समय शाम 05:35 पीएम से 06:53 पीएम तक रहेगा।

राज्योत्सव पर सीएम भूपेश ने दी किसानों और गौपालकों को सौगात

खातों में पहुंचे 15 सौ करोड़ रूपए

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 1 नवम्बर को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के किसानों के खाते में 1500 करोड़ रूपए की राशि जारी की। यह राशि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त के रूप में दी गई। साथ ही गोधन या योजना के तहत 10 करोड़ 81 लाख का गोबर विक्रेताओं के खातों में भुगतान किया गया।

दिवाली पर्व के ठीक पहले राज्य के 21 लाख किसानों को 1500 करोड़ रूपए मिलने से उनकी दीवाली की खुशियां दोगुनी हो जाएंगी। अब तक राज्य के कृषकों को कुल 4548 करोड़ रूपए की राशि मिल गई। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत राज्य में फसल उत्पादकता एवं फसल विविधिकरण को बढ़ावा देने के लिए आदान सहायता राशि दिए जाने का प्रावधान खरीफ वर्ष 2019 से लागू किया गया है। वर्ष 2019 में धान एवं गन्ना के उत्पाद 19 लाख किसानों को 5702 करोड़ 13 लाख रूपए की राशि जारी की गई थी। वर्ष 2020 में धान एवं गन्ना के उत्पादक कृषकों को योजना के तहत चार किश्तों में आदान सहायता राशि प्रदान की जा रही है। धान एवं गन्ना उत्पादक कृषकों को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री ग्राम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाईल एप शुभारम्भ

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री ग्राम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल एप एवं पोर्टल का शुभारंभ किया। इस के शुभारंभ के बाद ही प्रदेशवासियों को स्वास्थ्यगत लाभ घर बैठे मिलना शुरू हो जाएगा। पिछली बार मुख्यमंत्री ग्राम स्वास्थ्य योजना की शुरुआत प्रदेश में की गई थी जो 1 वर्ष से निरंतर सफलता हासिल कर रही है। इस योजना से प्रदेशवासियों को कई लाभ मिला है। अब तक 16 हजार 791 कैम्प इसके अंतर्गत लगाए जा चुके हैं। इसी के तहत ऑनलाइन प्रक्रिया प्रबंधन प्रणाली एवं ऑडिट सिस्टम हेतु विकसित सॉफ्टवेयर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी की रैली में ब्लास्ट रायपुर के दो समेत 4 दोषियों को फांसी

पटना/रायपुर। बिहार की राजधानी पटना में वर्ष 2013 में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार रहे बीजेपी नेता नरेंद्र मोदी की हुंकार रैली के दौरान ऐतिहासिक गांधी मैदान और पटना जंक्शन पर हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने सोमवार को चार दोषियों को फांसी, दो को आजीवन कारावास तथा दो अभियुक्त का दस वर्ष के कारावास एवं एक अभियुक्त को सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।

विशेष न्यायाधीश गुरविंदर सिंह मल्होत्रा की अदालत में इस मामले में दोषी करार दिये गये नौ अभियुक्तों को पटना के बेऊर जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच लाकर आज सुबह पेश किया गया। न्यायालय का कार्य शुरू होते ही अदालत ने सजा के बिंदु पर दोनों पक्षों की दलील सुनी।

एनआईए के विशेष लोक अभियोजक ललन प्रसाद सिन्हा ने दोषियों के लिए कड़ी से कड़ी सजा की मांग की जबकि बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सैयद इमरान गनी ने मामले की परस्थितियों और अभियुक्तों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति का हवाला देते हुए सजा में नरमी बरतने और कम से कम सजा दिये जाने का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हैदर बना था रांची मॉड्यूल का इंचार्ज

गांधी मैदान सीरियल बम ब्लास्ट और बोधगया ब्लास्ट मामले का मुख्य साजिकर्ता आतंकी मो. हैदर को रांची मॉड्यूल का इंचार्ज बनाया गया था। उसे ही जवाबदेही दी गयी थी कि वह कुछ और युवकों को जोड़कर मॉड्यूल तैयार करे। हैदर इस सिलसिले में तेजी से काम कर रहा था। 24 मई 2014 को हैदर, मजबुल्ला रांची से और नुमान और तौकीर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

फांसी की सजा पाने वाले दोषी

- इम्तियाज अंसारी, हैदर अली उर्फ ब्लैक ब्यूटी, नोमान अंसारी, मुजीबुल्लाह अंसारी।
- उमर सिद्दकी, अजहरुद्दीन को उम्रकैद।
- अहमद हुसैन, फिरोज असलम को 10 साल की सजा।
- इफ्तेखर आलम को सात वर्ष की सजा।

रांची और रायपुर में रची गई थी बम ब्लास्ट की साजिश

नरेंद्र मोदी की हुंकार रैली के दौरान गांधी मैदान सीरियल बम ब्लास्ट की साजिश रांची और रायपुर में रची गई थी। इसका रिहर्सल भी किया था। बोधगया में सात जुलाई 2013 को ब्लास्ट के बाद ही पटना के गांधी मैदान में ब्लास्ट की योजना इंडियन मुजाहिद्दीन के जिहादियों ने बनाई थी। बोधगया ब्लास्ट का मास्टरमाइंड हैदर अली और मोजिबुल्लाह थे। बोधगया बम ब्लास्ट में हैदर ने बौद्धभिक्षु बनकर बम प्लांट किये थे। इसके बाद गांधी मैदान में मोदी की रैली में ब्लास्ट को अंजाम देने के लिए आतंकियों ने विस्फोटक पदार्थ का जुगाड़ कर रांची में जमा किया।

जिन्ना से पटेल की तुलना शर्मनाक, अखिलेश को माफी मांगनी चाहिए : योगी

लखनऊ (ए.)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के एक बयान को लेकर विवाद बढ़ गया है. उन्होंने रविवार को एक जनसभा में मोहम्मद अली जिन्ना को सरदार पटेल और महात्मा गांधी की तरह ही आजादी का नायक बताया. उनके इस बयान को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शर्मनाक और तालिबानी मानसिकता वाला बताया है. इसके साथ ही सीएम योगी ने अखिलेश से माफी मांगने की बात भी कही है. सीएम योगी ने कहा, समाजवादी पार्टी प्रमुख ने कल जिन्ना और सरदार पटेल की तुलना की. ये शर्मनाक है. ये तालिबानी मानसिकता है जो बांटने में विश्वास रखती है. सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोया था. उन्होंने कहा कि अखिलेश को अपने इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए.

मोहसिन रजा बोले- देश का अपमान है

यूपी सरकार के मंत्री मोहसिन रजा ने अखिलेश यादव के इस बयान को उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता बताया है. उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए, मोहसिन रजा ने कहा, जिन्ना पर देश का बंटवारा करने का दारोमदार है, उसका महिमामंडन कैसे कर सकते हैं? देश का बंटवारा करने वालों को ऐसे बताना देश का अपमान है. ओवैसी हों या अखिलेश दोनों मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं.

मंत्रालय कर्मी ने स्वयं समेत बच्चों को मार डाला

पत्नी पर भी हमला, जूझ रही जिंदगी और मौत के बीच

रायपुर/नवप्रदेश। मंत्रालय में काम करने वाले कर्मचारी ने अपने मासूम बेटे और बेटी की हत्या कर दी और पत्नी को बुरी तरह घायल कर दिया,जो अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है। वहीं पति ने भी छठी मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। यह हृदय विदारक घटना नवा रायपुर की है। यहां ब्लॉक नंबर 17 में बने रिहायशी फ्लैट्स में मृतक का परिवार रहता था। फिलहाल सामने आ रही जानकारी के मुताबिक पारिवारिक कलह से परेशान होकर कर्मचारी ने ये कदम उठाया।

सोमवार को जहां प्रदेश की जनता छत्तीसगढ़ का स्थापना दिवस मना रही है, वहीं दूसरी ओर रविवार देर रात पंचायत विभाग में कार्यरत झंकार भास्कर ने अपनी पत्नी सुप्रीता भास्कर को हथौड़े से वार किया, जिससे वो बुरी तरह लहूलुहान हो गई। उसके बाद आरोपी ने अपने 3 साल के मासूम बेटे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुसाइड नोट ने बताई सच्चाई

मौके से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें झंकार ने लिखा है कि पत्नी अक्सर जेल में बंद भाई का ताना देकर परिवार के खिलाफ बातें किया करती थी, जो कतई पसंद नहीं था। इसी बात को लेकर रविवार रात भी दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद झंकार ने यह कदम उठाया। झंकार ने अपने सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं जानता हूं बिना मां बाप के बच्चों की जिंदगी कैसी होती है, मैंने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है और खुद भी जान दे रहा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राजनीति... बढ़ती अनुशासनहीनता ने कांग्रेस के माथे पर खींचीं चिंता की लकीरें

कांग्रेस के आतंरिक कलह से सत्ता व संगठन की छवि पर प्रभाव

विशेष संवाददाता

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस में एक के बाद एक लगातार बढ़ रही अनुशासनहीनता की घटनाओं ने पार्टी के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी है। पहले अंबिकापुर और फिर रायपुर में ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिसके बाद सवाल उठने लाजिमी है। कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में जिस तरह सिर फुटौव्वल हुई, उसे पार्टी का आंतरिक मामला बताया गया। उसके अगले दिन भवन सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल और प्रदेश कांग्रेस महामंत्री अमरजीत चावला के बीच हुए विवाद के बाद सन्नी अग्रवाल का निलंबन को घोर अनुशासनहीनता कहा गया। यह इंगित कर रहा है कि अनुशासनहीनों पर कार्रवाई में स्पष्टता का अभाव है। राज्य की सत्ता के लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सन्नी के निलंबन पर सवाल

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के बीच हुए सिर फुटौव्वल के अगले ही दिन उसी कांग्रेस मुख्यालय में एक और बड़ा विवाद हो गया। यहां प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकान को सदस्यता अभियान पर चर्चा के लिए पहुंचना था। इसी दौरान छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल और प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री अमरजीत चावला के बीच तू-तू मैं-मैं हो गई। बात गाली-गलौज और हाथा-पाई तक भी पहुंची। पूरा विवाद गाड़ी खड़ी करने को लेकर उपजा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मरकाम ने इसे गम्भीर अनुशासनहीनता मानते हुए सन्नी अग्रवाल को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया। आदेश जारी होने के बाद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अभी एकजुटता की दरकार

मिशन 2023 की तैयारियों में जुटी प्रदेश कांग्रेस को वर्तमान में एकजुटता की दरकार है। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि विपक्षी दल भाजपा लगातार सरकार के प्रति आक्रामक है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, प्रदेश भाजपाध्यक्ष विष्णुदेव साय, पूर्वमंत्री बृजमोहन अग्रवाल समेत कई बड़े भाजपा नेता लगातार हमलावर हैं। एक ओर जहां कांग्रेस अपनी चुनावी तैयारियों को आगे बढ़ा रही है, वहीं सदस्यता अभियान के जरिए नए लोगों को जोड़ना, बूथ स्तर पर मजबूती देना और तमाम तरह की रणनीतियों को अंजाम देना ■ शेष पृष्ठ 6 पर



न्यूज गैलरी

सुबह सवेरे निरीक्षण में निकले आयुक्त ने पेयजल को लेकर रहवासियों से लिया फीडबैक, व्यक्ति ने कहा भरपूर पानी आ रहा है साहब

भिलाई नगर (नव प्रदेश)। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे आज सुबह वार्ड के निरीक्षण में राधिका नगर वार्ड क्रमांक 4 क्षेत्र पहुंचे, वहां उन्होंने पेयजल को लेकर रहवासियों से फीडबैक लिया। इसी दरमियान पौधे में पानी डालते हुए एक व्यक्ति से आयुक्त ने चर्चा की। उस व्यक्ति ने बताया कि पानी भरपूर मात्रा में प्रेशर के साथ मिल रहा है, पहले से पानी की समस्या का समाधान हुआ है। व्यक्ति ने आयुक्त महोदय को सुझाव दिया कि पर्याप्त मात्रा में पानी आने के कारण पानी के समय में कटौती की जा सकती है। आयुक्त श्री सर्वे ने संजय नगर तालाब के सफाई का निरीक्षण किया वही उन्होंने मोहल्ले की सफाई व्यवस्था देखी। पटाखा मार्केट भी पहुंचे स्थल का अवलोकन किया, उन्होंने त्योहारी सीजन को देखते हुए मार्केट क्षेत्रों में ट्रैफिक एवं पार्किंग की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश जोन आयुक्त को दिए हैं। सभी जोन आयुक्त एवं संबंधित कर्मचारियों को फील्ड में मुस्तैद रहने कहा है। निरीक्षण के दौरान चंदन शर्मा एवं महेंद्र गंधर्व मौजूद रहे।

एग्रीकल्चर की छात्राओं ने दिया फूड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण

भिलाई (नव प्रदेश)। समीपवर्ती ग्राम कचान्दुर के किसानों को बी.एस-सी.(कृषि) चतुर्थ वर्ष की छात्राओं ने रावे-रेडी और एग्रीकल्चर इंडस्ट्रियल अटैचमेंट प्रोग्राम के तहत फूड प्रोसेसिंग (खाद्य प्रसंस्करण) सम्बन्धी जानकारी दी। इस्पात नगरी निवासी संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कवर्धा की छात्राओं प्रियंका ठाकुर, नम्रता साहू, पी.मुत्थुलक्ष्मी और जाह्नवी मौर्य ने कृषकों ने पपीते से टूटी-फ्रूटी, पाइनेपल से जैम,नीबू से स्क्वैश, स्ट्राबरी से जैली एवं विभिन्न फलों से जूस बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लघु वर्ग के किसानों जामेश्वरी यादव, रमाकांत, रेशमा साहू, कमलेश्वरी वर्मा, तुलेश्वरी साहू, काजल वर्मा,सिद्धि एवं हर्ष ने जैम जैली, स्क्वैश आदि बनाना सीखा।

दुर्ग निगम ने सबसे पुराने सफाई कर्मचारी मीरा बाई को दी सेवानिवृत्ति पर विदाई

दुर्ग (नव प्रदेश)। 1 नवम्बर,नगर पालिक निगम के सबसे पुराने कर्मचारी स्वच्छता निरीक्षक मेनसिंह मंडावी को सेवानिवृत्त पर विदाई दी।कर्मचारियों ने मेनसिंह मंडावी और सफाई कामगार श्रीमती मीरा बाई को शाल, श्रीफल व उपहार देकर सम्मानित किया। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त हरेश मंडावी ने कहा कि स्वच्छता निरीक्षक का बेहद जवाबदारी और जिम्मेदारी वाला पद है,उन्होंने पूरे ईमानदारी के साथ अपना सेवा निगम को दिया।उन्होंने मेनसिंग और श्रीमती मीरा बाई को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। विदाई समारोह सफाई दरोगा एवं राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक अध्यक्ष प्रताप सोनी,महासचिव धरम नागेश,बच्छू नागेश,कृष्णा नायक,प्रदीप सोनी समेत समस्त सफाई कर्मचारियों उपस्थित थे। स्वच्छता निरीक्षक मेनसिंग मंडावी 62 वर्ष की आयु में 30 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हुए।

राष्ट्रीय एकता दिवस् में देशभक्ति गीत व लाइट साउंड लेसर शो का कार्यक्रम

भिलाई (नव प्रदेश)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में राष्ट्रीय एकता दिवस् के परिप्रेक्ष्य में पायोनियर मोनूमेंट, सिविक सेन्टर में दिनांक 24 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2021 तक विभिन्न आयोजन किये गए। इसी तारतम्य में क्रीडा सॉस्कृतिक व नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा दिनांक 25 अक्टूबर, 2021 को राष्ट्रभक्ति गीत तथा 30 अक्टूबर, 2021 को राष्ट्रीय एकता के सन्दर्भ में भारतीय संस्कृति के विविध रूप तथा लघु भारत के प्रतीक भिलाई पर केंद्रित लाइट, साउंड व लेसर शो का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। दोनों कार्यक्रम क्रमशः 18 व 35 कलाकार के माध्यम से संध्या 7.00 से 8.00 बजे तक बेहतरीन प्रस्तुती दी गई। दिनांक 25 अक्टूबर, 2021 के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन), श्री राकेश व विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक), श्रीमती निशा सोनी तथा महाप्रबंधक (जनसंपर्क व संपर्क प्रशासन) श्री जेकब कुरियन उपस्थित थे। दिनांक 30 अक्टूबर, 2021 लाइट, साउंड व लेसर शो कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) श्री यू के झा व विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (जनसंपर्क व संपर्क प्रशासन) श्री जेकब कुरियन उप महाप्रबंधक (क्रीड़ा, सांस्कृतिक व नागरिक सुविधाएँ), श्री राजेन्द्र प्रसाद उपस्थित थे। 25 अक्टूबर, 2021 को संध्या 7.00 से 8.00 तक आयोजित राष्ट्रभक्ति गीत कार्यक्रम में बीएसपी कर्मिक तथा उनके परिजनों ने देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम हेतु पी टी उन्नत्स कुमार, देवब्रत रॉय, कुमार पाल, सपना अवस्थी, अंजली तिवारी व सुमिता सरकार ने गायन प्रस्तुत किया। संगतकार के रूप में भालचंद्र शेगेकर, भागवत साहू, देवव्रत मजुमदार, तरुण पहाड़े तथा संचालन सुप्रियो सेन ने किया। संयोजन प्रभंजय चतुर्वेदी ने किया।

गोबर के दीयों से घर को करें रौशन : देवेंद्र

भिलाई (नव प्रदेश)। इस बार दीपावली में घरों को गोबर से बने दीयों से रोशन करने स्व सहायता समूह की महिलाएं जुटी हुई है। महिला समूह की माताओं का हौसला और आत्मविश्वास बढ़ाने इस दीपावली गोबर से बने दीये से अपने घरों को रोशन करें। यह अपील भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने शहर वासियों से की है। छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार प्रदेश में किसानों,पशुपालकों के हित और उत्थान के लिए गो धन योजना चला रही है। इस सर किसानकारी और सराहनीय योजना को सफल बनाने के लिए गोबर के दिये खरीदे। विधायक श्री यादव की पहल से नगर पालिक निगम भिलाई के गोबर खरीदी केन्द्रों में सवा लाख गोमय दीया निर्मित कर विक्रय करने के लक्ष्य के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। गोधन से निर्मित उत्पाद नागरिकों को आसानी से उपलब्ध हो सके इसके लिए विधायक श्री यादव ने निर्देश पर विभिन्न स्थानों पर स्टॉल लगाया गया है, ताकि समूह की महिलाएं स्थानीय बाजारों में भी दीये की मांग अनुरूप विक्रय कर सके। स्टॉल में लोग दीवाली त्योहार में घर को रोशन करने चटक रंग से बने आकर्षक दीये तथा घरों को सजाने के लिए सीनरी, श्रीलक्ष्मी गणेश की प्रतिमा व ग्वालीन भी महिला समूहों के स्टॉल से खरीदने उत्साह दिखा रहे है। दीया पूर्ण रूप से ईको फ्रेंडली है एक बार इसका उपयोग करने के पश्चात खाद के रूप में भी प्रयुक्त किया जा सकता है। एनयूएलएम के अमन पटले ने बताया कि अब तक जोन 01 में 18 हजार दीये, जोन 03 में 4 हजार दीये तथा जोन 04 में 30 हजार दीये और पूजा के लिए मूर्तियां बन चुकी है।

प्राचार्यों की बैठक में कलेक्टर ने अनूठे तरीके से प्राचार्यों से रखी अपनी बात

छह महीने स्लाग ओवर्स की तरह अतिरिक्त प्रयास करें : कलेक्टर

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कोरोना की वजह से आफलाइन पढ़ाई प्रभावित होने के चलते बच्चों में लर्निंग लास देखा गया है। अब आफलाइन कक्षाएं आरंभ हो गई हैं लेकिन समय सीमित बचा है अत एव इसमें अतिरिक्त पढ़ाई करा बच्चों की कमजोरियों को पूरी तरह दूर करना है। इस विषय पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने प्राचार्यों की बैठक में अपनी बात विशेष तरीके से रखी। उन्होंने कहा कि मान लीजिए कोई ट्वेंटी-ट्वेंटी मैच है और काफी ओवर निकल चुके हैं। अब रन रेट मेंटेन करना है तो स्लाग ओवर्स में अच्छा स्कोर करना होगा तभी प्रदर्शन बेहतर हो पाएगा। यही बात आपके लिए भी लागू होती है। आप अपने स्कूल के कैप्टन की तरह हैं, आपके ऊपर बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन की बड़ी जिम्मेदारी है। कोरोना की वजह से लर्निंग लास हुए हैं। आप इसे ठीक करने के लिए कार्ययोजना बनाइये और इसे क्रियान्वित कीजिए। कलेक्टर ने कहा कि आपका प्रोफेशन नोबल है। लोग हमेशा अपने शिक्षकों को याद रखते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पिता भी रिटायर्ड शिक्षक हैं और जहां भी मैं उनके साथ जाता हूँ तो देखता हूँ कि लोग उनका सम्मान करते हैं। यह नोबल प्रोफेशन आपको कड़ी चुनौती भी देता है कि साबित करें कि आप इसके लिए पूरी तरह पर खरे उतरते हैं। आप सबके बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए कि किस स्कूल का रिजल्ट सबसे बेहतर होगा। इस दौरान डीईओ श्री प्रवास सिंह बघेल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

मेरे बच्चों ने भी आनलाइन क्लास अटेंड की, इसलिए समझ सकता हूँ कि आफलाइन कितना कारगर है- कलेक्टर ने कहा कि मैंने पेरेंट्स के रूप में भी देखा है कि आनलाइन क्लासेज कभी आफलाइन क्लास की बराबरी नहीं कर सकती। जब बच्चों का प्रत्यक्ष संवाद शिक्षकों से होता है तो यह हमेशा कारगर होता है। हमारे जिले में कोरोना के केसेज में कमी आई है और अब हम बच्चों की आफलाइन पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान दे सकते हैं। तीन अपेक्षाएं बताईं- कलेक्टर ने कहा कि प्राचार्य अपनी विधा को सबसे अच्छी तरह से समझते हैं। कलेक्टर के नाते मैं तीन चीजों की अपेक्षा करता हूँ। पहले बच्चे तेजी से पढ़ पाएं। उन्हें समझ पाएं और इसे अपने जीवन में अमल में लाएं। उदाहरण के लिए यदि गांधी जी या बुद्ध का कोई पाठ पढ़ रहे हैं तो बच्चे न केवल उसे समझे अपितु अपने जीवन में भी उसे उतारे। यदि स्वच्छता का कोई पाठ है कि नाखुन साफ करना चाहिए तो इसके लाभ भी समझे और दैनंदिनी में इसे प्रैक्टिस में भी लाएं। गांधी जी या बुद्ध का कोई पाठ है तो न केवल उसे समझ पाएं अपितु उसे अमल में भी लाएं जो असल में शिक्षा का हमारा मकसद है।

मोबाइल मेडिकल यूनिट के सफलतम संचालन का एक वर्ष हुआ पूर्ण

■ आयुक्त प्रकाश सर्वे ने चिकित्सक दल को किया सम्मानित

■ भिलाई में 1 वर्ष में 65000 से अधिक लोगों का हुआ उपचार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर वर्ष 2020 में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा देने के लिए योजना का शुभारंभ हुआ था। तब से आमजन को उनके मोहल्ले में ही निःशुल्क इलाज के साथ मुफ्त में दवाई मिलनी प्रारंभ हो गई थी और आज 1 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट के सफलतम संचालन और मरीजों को स्वस्थ करने में अहम भूमिका निभाने वाले मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सीय दल को निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने चिकित्सा स्टॉफके कार्यों की सराहना की है! आयुक्त ने कहा कि 1 वर्ष में जो चिकित्सा सेवा मोबाइल मेडिकल यूनिट ने आमजन को हर कठिन परिस्थितियों में प्रदान की है वह अनुकरणीय है। शासन की मंशा अनुरूप मोहल्ले में ही स्वास्थ्य सेवा निःशुल्क मिलने से मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। नोडल अधिकारी बी.के. देवांगन ने बताया कि योजना के प्रारंभ से अब तक 876 शिविर आयोजित किया जा चुका है, जहां 65970 हितग्राही लाभान्वित हो चुके हैं! वही दाई-दीदी क्लीनिक में महिलाएं, बालिकाएं बेझिझक महिला चिकित्सकों से अपना इलाज करवाकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं! कोरोना काॅल जैसी विषम परिस्थिति में जन सामान्य बीमारियों के इलाज हेतु निरंतर शिविर लगाकर मोबाइल मेडिकल यूनिट शहर के गरीब, मजदूर, कम आय वर्ग एवं जरूरतमंद जनता के लिए वरदान साबित हुआ है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद रिंकू राजेश प्रसाद, सहायक अभियंता तपन अग्रवाल, डॉक्टर तृषा सिंह, स्वच्छता निरीक्षक के.के. सिंह, एपीएम इशान शर्मा एवं भावना राजपूत सहित मोबाइल मेडिकल यूनिट के मेडिकल स्टॉफ मौजूद रहे।

भिलाई इस्पात संयंत्र में लैंडफिल सुविधा के संचालन का उद्घाटन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने 29 अक्टूबर, 2021 को जोखिमपूर्ण अपशिष्ट लैंडफिल सुविधा के लिए सफलतापूर्वक ट्रायल रन किया है। इस सुविधा के निर्माण और संचालन के साथ बीएसपी छत्तीसगढ़ राज्य में सबसे बड़ी कैप्टिव जवाबदेह अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं से युक्त संस्थान बन गया है।

पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) ने विभिन्न उद्योगों में उत्पन्न विभिन्न कचरे को ठोस कचरे में वर्गीकृत किया है जो पर्यावरण के लिए हानिकारक नहीं है और कुछ अन्य कचरे को जोखिमपूर्ण कचरे के रूप में वर्गीकृत किया है। यदि इन अपशिष्टों को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित वैज्ञानिक प्रक्रिया में नियंत्रित नहीं किया गया तो यह अपशिष्ट पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखते हैं। जोखिमपूर्ण कचरे की हैंडलिंग और प्रबंधन उद्योगों के लिए एक बड़ी चुनौती होने के साथ-साथ प्राधिकृत अधिकारियों के लिए भी एक बड़ी चिंता थी, लेकिन बीएसपी में नवनिर्मित एसएलएफसुविधा के लग जाने से सभी पक्षों को राहत मिली है।

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने हमेशा पर्यावरण की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। बीएसपी अपने ठोस और जोखिमपूर्ण कचरे के निपटान के लिए पर्यावरण के अनुकूल तरीके अपनाते रहा है। बीएसपी को कोक ओवन के कोल केमिकल विभाग के संचालन में कुछ कचरों के हैंडलिंग में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। चूंकि अपशिष्ट अत्यधिक अम्लीय और संक्षारक प्रकृति का होता है, इसलिए बीएसपी ने इसके सुरक्षित निपटान के लिए सीमेंट उद्योगों के साथ एक समझौता किया।

असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के पंजीकृत हितग्राहियों को वितरित किया चेक

दुर्ग (नव प्रदेश)। राज्य गठन दिवस के अवसर पर दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री अरुण वोरा के करकमलों से छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के 20 पंजीकृत हितग्राहियों के निधन उपरांत उनके आश्रितों को एक-एक लाख रुपये कुल 20 लाख का चेक विवेकानंद सभागार गौरव पथ दुर्ग में प्रदान किया गया। इस अवसर पर महापौर दुर्ग श्री धीरज बाकलीवाल भी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्रम विभाग के सहायक श्रमायुक्त श्री प्रधान द्वारा बताया गया कि दुर्ग जिले 146 पंजीकृत असंगठित कर्मकारों के आश्रितो के खाते में श्रम मंत्री के निर्देशानुसार एक-एक लाख रूपये की राशि हस्तांतरित की गई है, जो परिवार के कमाऊ सदस्य के निधन उपरांत सहयोग राशि श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदाय की जा रही है।

पुनर्वास एवं विस्थापन में एसईसीएल को प्रथम पुरस्कार

47वें कोल इण्डिया स्थापना दिवस पर सीएमडी ए.पी. पण्डा ने लिया पुरस्कार

नव प्रदेश संवाददाता

कोलकाता। कोल इण्डिया मुख्यालय कोलकाता में आयोजित 47वें स्थापना दिवस पुरस्कारों में एसईसीएल को पुनर्वास एवं विस्थापन (आर एण्ड आर) में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह अवार्ड कम्पनी द्वारा परियोजनाओं में भूविस्थापितों के बसाहट, रोजगार व सामाजिक लाभ की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य के लिए दिया गया है। इस अवसर पर माननीय केन्द्रीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी, माननीय केन्द्रीय कोयला राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे, कोयला सचिव श्री अनिल कुमार जैन (भाप्रसे), चेयरमैन कोलइण्डिया श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल (भाप्रसे) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर कम्पनी के रायगढ़ क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री संजय मिश्रा को क्षेत्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट एरिया जनरल मैनेजर का अवार्ड प्रदान किया गया है। विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक कोयला उत्पादन व डिस्पैच किया था तथा वित्तीय मानकों पर क्षेत्र ने 200 करोड़ से अधिक का मुनाफा दर्ज किया था। वित्तीय वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में भी ओबी निष्कासन, उत्पादन व ऑफ्टेक में रायगढ़ क्षेत्र ने पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्ज की है। श्री संजय मिश्रा को गत सप्ताह कुसमुण्डा मेगा परियोजना के क्षेत्रीय महाप्रबंधक का प्रभार दिया गया है। उन्होंने डब्ल्यूसीएल, ईसीएल तथा एनसीएल में महत्वपूर्ण अण्डरग्राउण्ड व ओपनकास्ट परियोजनाओं में काम किया है। श्री एस.एन. कापरी महाप्रबंधक (उत्पादन) को बेस्ट एचओडी अवार्ड- कोलइण्डिया स्थापना दिवस पुरस्कारों में एसईसीएल के महाप्रबंधक (उत्पादन) श्री एस.एन. कापरी को बेस्ट एचओडी का अवार्ड दिया गया है। वर्तमान में वे एसईसीएल बैकुण्ठपुर एरिया जीएम के पद पर हैं। उन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत 1987 में हसदेव क्षेत्र से की थी। ज्ञात हो कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में एसईसीएल ने लगातार तीसरे वर्ष 150 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन का कीर्तिमान बनाया है।

बिहान बाजार में सात लाख पचहत्तर हजार रुपए की बिक्री

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। बिहान बाजार में बीते तीन दिनों में सात लाख 75 हजार रुपए की बिक्री हुई है। जिला पंचायत परिसर में लगाये गये, इस बाजार में दीपावली के आइटम्स की काफी बिक्री हुई है। बिहान बाजार में जनप्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारियों ने भी बढ़े पैमाने पर शापिंग की। मुख्यमंत्री निवास में भी बिहान बाजार से अपने लिये दीवाली के आइटम्स खरीदे। इसके अलावा कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, जिला पंचायत सीईओ श्री अश्विनी देवांगन ने भी खरीदी की। बिहान बाजार में विशेष रूप से दीवाली के दीये और अन्य सजावटी आईटम थे। इसके अलावा आर्टिफिशियल ज्वेलरी आदि भी रखे गए थे, जिनकी काफी माँग ग्राहकों में हुई। इसके अलावा छत्तीसगढ़ी फूड आइटम भी बिहान बाजार की विशेषता रही। इस संबंध में जानकारी देते हुए जनपद सीईओ श्री शैलेष भगत ने बताया कि तीन दिनों में सात लाख 75 हजार रुपए के आइटम्स की बिक्री हुई। स्व-सहायता समूहों की महिलाएं इस बिक्री से काफी खुश हैं। उनका कहना है कि अपने क्षेत्र में भी उनके आइटम्स की काफी बिक्री हुई है। कुछ लोग जो बिहान बाजार किसी कारण से नहीं पहुंच पाये, उन्होंने भी इस घर पहुंचकर यह आइटम खरीदे हैं। स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने बताया कि छत्तीसगढ़ के अनूठे आइटम हमने रखे जो बाजार में कम ही मिलते हैं या ढूंढने पर ही मिलते हैं।

श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी मनाया गया ''सुरहुती के अंजोर''

भिलाई (नव प्रदेश)। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में कला संकाय के छात्र छात्राओं द्वारा दीपावली मिलन समारोह ''सुरहुती के अंजोर'' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुरेश कोठारी जी चार्टेड अकाउंटेंट थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ रक्षा सिंह निदेशक एवं प्राचार्य, श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी ने किया तथा विशेष अतिथि के रूप में महाविद्यालय के अतिरिक्त निदेशक डॉ जे. दुर्गा प्रसाद राव जी उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी परम्परा के अनुसार अपनी संस्कृति को बनाए रखते हुए विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

कार्मिक कर्म व पाली शिरोमणि पुरस्कार से हुए सम्मानित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सर्विसेस संगठन विभागों में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी सभागार में शिरोमणि पुरस्कार योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट व अनुकरणीय कार्य संपादित करने वाले विभाग के कर्मचारियों को ÷कर्म शिरोमणि पुरस्कार÷ से सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी श्री एस एन आबिदी विषेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान एमआरडी, एमआरडी तथा ईएमडी के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी एस एन आबिदी ने माह जनवरी से मार्च-2021 के लिए एमआरडी के चार्जमेन-कम-सीनियर ऑपरेटर श्री प्रकाश राव तथा अप्रेल से जून-2021 के लिए आरएमडी के प्रबंधक, श्री राजेश कुमार वर्मा को विभाग में बेहतरीन कार्य निष्पादन के लिए पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में माह जुलाई, अगस्त, सितम्बर-2021 के लिए ईएमडी के चार्जमेन-कम-सीनियर टेक्नीशियन श्री दुष्यंत लाल देशमुख, फायर स्टेशन ऑफिसर श्री दिनेश कुमार भट्ट तथा आरएमडी के आरएमआई श्री उदय राम सिन्हा को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

स्थापना दिवस — एसईसीएल पिछले 3 वर्षों से लगातार 150 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन कर रहा

एसईसीएल मुख्यालय में 'कोल इण्डिया' व 'छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस' मनाया गया

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। एसईसीएल मुख्यालय प्रांगण में ''कोल इण्डिया स्थापना दिवस'' एवं ''छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस'' मुख्य सतर्कता अधिकारी बीपी शर्मा के मुख्य आतिथ्य, निदेशक तकनीकी (संचालन) एमके प्रसाद, निदेशक (वित्त सह कार्मिक) एसएम चौधरी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) एसके पाल, विभागाध्यक्ष, श्रमसंघ प्रतिनिधिगण, अधिकारियों-कर्मचारियों, महिलाकर्मियों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि मुख्य सतर्कता अधिकारी बीपी शर्मा एवं निदेशकगणों द्वारा दिवंगत श्रमवीरों के सम्मान में ''शहीद स्मारक'' पर पुष्पचक्र अर्पित किया गया तत्पश्चात ''डॉ. भीमराव अम्बेडकर'' व ''खनिक प्रतिमा'' पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा कोलइण्डिया ध्वज फहराया गया उपरांत कोलइण्डिया कॉरपोरेट गीत बजाया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि, विभिन्न विभागाध्यक्षों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों द्वारा छत्तीसगढ़ की माटी, मानचित्र, हल, धान की बाली की पूजा की गयी। अपने सारगर्भित सम्बोधन में मुख्य अतिथि मुख्य सतर्कता अधिकारी बीपी शर्मा ने कोलइण्डिया एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर सभी को अपनी व प्रबंधन की ओर से हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कोल इण्डिया लिमिटेड के मिशन व विजन स्टेटमेंट का उल्लेख करते हुए कहा कि हम सबको अपने कार्य में एक्सीलेंस की ओर बढ़ना चाहिए जिससे कि राष्ट्र के ऊर्जा आकांक्षाओं की आपूर्ति में तत्पर कोलइण्डिया अपना सर्वश्रेष्ठ देश को दे सके। उन्होंने कहा कोलइण्डिया बहुत बड़ी कम्पनी है जिसमें एसईसीएल का अमूल्य योगदान है। एसईसीएल नंबर-1 कम्पनी थी, हम सभी की कामना है कि एसईसीएल नंबर-1 कम्पनी के स्थान पर बरकरार रहे। एसईसीएल पिछले 3 वर्षो से लगातार 150 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन कर देश की सर्वाधिक कोयला उत्पादन करने वाली कम्पनी है। उन्होंने कहा अपने वरिष्ठों कर्मियों के विकास एवं अपने कर्मियों एवं उनके आश्रितों के जीवनस्तर को उठाने के लिए भी एसईसीएल द्वारा विभिन्न प्रयास किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ वासियों की पहचान सरल, सरस और कर्मठ व्यक्तित्व के रूप में होती है, वैसी ही छवि हमारे कोयला उद्योग में कार्यरत कामगारों की भी है। उन्होंने कहा कि एसईसीएल हमेशा ही छत्तीसगढ़ राज्य के विकास में अपनी सामाजिक जवाबदेही का निर्वाह कर रहा है। अंत में उन्होंने आज के इस पावन अवसर पर सभी को सपरिवार ढेर सारी बधाइयां व शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उद्घोषणा का दायित्व प्रभात कुमार प्रबंधक (सचिवीय-राजभाषा) ने निभाया।

सीएम भूपेश ने किया सदस्यता अभियान का आगाज

31 मार्च 2022 तक चलेगा अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने सोमवार से सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है। सीएम भूपेश बघेल ने राजीव भवन में इसकी विधिवत शुरुआत कर दी है। उन्होंने सबसे पहले अपने ही सलाहकार विनोद वर्मा की रसीद काट कर सदस्य बनाया। बाद में एक के बाद एक 50 वरिष्ठ नेताओं को सदस्य बनाया गया। इस दौरान सीएम ने पत्रकारों से कहा- चाहें तो आप लोग भी कांग्रेस की सदस्यता ले सकते हैं। हमारी पार्टी में हमेशा से पत्रकारों के लिए स्थान रहा है।

राजीव भवन में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, 7 साल पहले जिन लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली थी, उन्हें खुद को रिनुवल कराना होगा। आज इसकी विधिवत शुरुआत हो रही है। इसके बाद कांग्रेस घर-घर जाकर लोगों को जोड़ेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, जब मैं प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष था, तब यहां 4 लाख सदस्य थे। पिछले अभियान में यह संख्या बढ़कर 6 लाख 2 हजार 973 हो गई। अब 10 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य तय हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल खुद अपने विधानसभा क्षेत्र के किसी बूथ पर सदस्य बनेंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, आपराधिक छवि वाले लोगों को निकाला जाएगा, उसके लिए बनाए गए सदस्यों की स्क्रूटनी होगी। प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा, इस सदस्यता अभियान के साथ पार्टी की रीति-नीति को घर-घर तक पहुंचाने की तैयारी है। हम सरकार के कामकाज इस मौके पर एआईसीसी सचिव चंदन यादव, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय आदि मौजूद थे।

कांग्रेस का यह सदस्यता अभियान 31 मार्च 2022 तक चलना है। इसके तहत पांच रुपए का शुल्क देकर सदस्य बना जा सकेगा। इसके बाद जिला कांग्रेस कमेटियों को प्राथमिक सदस्यों की सूची जारी करनी है। इसके लिए 1 से 15 अप्रैल तक का समय तय हुआ है। इसमें संगठन चुनाव लड़ने योग्य सदस्यों की सूची होगी।

कांग्रेस सदस्यता अभियान पर नेता प्रतिपक्ष का तंज

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के सदस्यता के अभियान पर नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने निशाना साधा है। कौशिक ने सदस्यता अभियान को भाजपा का नकल करार दिया है। उनकी मानें तो कांग्रेस महज दिखावे में लगी हुई है और विकास के नाम पर कुछ नहीं कर रही है। अभियान से आम जनता को कोई दिलचस्पी नहीं है उन्हें तो प्रदेश में विकास चाहिए। कौशिक ने कहा कि कांग्रेस केवल एक परिवार के बीच ही सिमट कर रह गई है। कांग्रेस में कभी भी चुनाव नहीं होता केवल दिखावे के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस अपने पदाधिकारियों को तो संभाल नहीं पा रही है ऐसे में इस अभियान का कोई अस्तित्व ही नहीं है। आये दिन कांग्रेस के कुनबे में मारपीट और आपसी कलह चरम पर है जो जग जाहिर है। कौशिक ने भाजपा के कार्यकाल का उदाहरण देते हुए कहा कि बीते शासन काल में अधूरे पड़े कार्यों को कांग्रेस पूरी तरह से भूल गई है।

16 अप्रैल से शुरू होगी चुनाव की प्रक्रिया

प्राथमिक सदस्यों की सूची प्रकाशित होने के अगले दिन चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 16 अप्रैल को ब्लॉक अध्यक्ष और पीसीसी सदस्य के लिए चुनाव होगा। एक जून से 20 जुलाई तक जिलाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और जिला कार्यकारिणी के पदों पर चुनाव प्रस्तावित है।

न्यूज गैलरी

इस त्योहार अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स में पाएं स्पेशल ज्वेलरी की सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। ज्वेलरी का सुपरमॉल अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स (एटी) मे इस फेस्टीव सीज़न धनतेरस व लक्ष्मी पूजा के लिए स्पेशल ज्वेलरी मंगवाई गई है। यहा एक ही छत के नीचे हीरे, जवाहरात, सोना चांदी की वृहद रेंज उपलब्ध है। इसमे डायमंड और गोल्ड की चूड़ी, मंगलसूत्र, हार के साथ अन्य आभूषण विभिन्न रेंज शामिल हैं। थीम बेस्ड ज्वेलरी, हेविवेट, लाइटवेट के साथ दोनो मे डिजाइनर ज्वेलरी, टू-पीस और फेर-पीस मे कंगन का यूनिक कलेक्शन व ब्राइडल के लिए मैचिंग ज्वेलरी मे भी एक्सक्लूसिव कलेक्शन यहा पर लोगो को मिलेगा। साथ ही देवी-देवताओं की आकृति वाली टेंपिल्ड ज्वेलरी मीनाकारी स्टोन के साथ शुभ मुहूर्त के लिए सोने-चांदी के सिक्के व कार्पोरेट गिफ्ट की कई तरह रेंज उपलब्ध कराई गई हैं। जिसे लोग ज्यादा पसंद कर रहे है। इसके अलावा एटी ज्वेलर्स में कस्टमाइज ज्वेलरी का काफी चलन देखने को मिला है। इसमें आभूषण खरीदारों की पसंद के मुताबिक अलग डिजाइंस में ज्वेलरी तैयार की जा रही है। एटी ज्वेलर्स के संचालक श्री तिलोकचंद,शांतिलाल, अशोक बरडिया ने बताया कि त्योहारी सीजन के मद्देनजर आभूषणों की अच्छी मांग आ रही है। त्योहार के लिए न केवल सोने व चांदी के, बल्कि हीरे के आभूषणों को भी काफी पसंद किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डायमंड ज्वेलरी मे लाइटवेट, अंगूठी, ब्रेसलेट, पेंडेंट और सेट्स ज्यादा पसंद किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि अभी त्योहारी सीजन के अलावा वैवाहिक अवसरों के लिए भी लोग आभूषण ले रहे है। जिसके लिए ब्राइडल ज्वेलरी मे भी शानदार कलेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।

डीएमआई फाइनेंस ने रिलायंस रिटेल के साथ की साझेदारी

रायपुर/नवप्रदेश। डीएमआई फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (डीएमआई) ने रिलायंस रिटेल के साथ साझेदारी की घोषणा की। डीएमआई इस साझेदारी के तहत पूरे भारत में रिलायंस रिटेल कंज्यूमर के इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के ग्राहकों को अपनी तरह का पहला डिजिटल फाइनेंस ऑप्शन्स उपलब्ध कराएगी। बिल्कुल कागजरहित डिजिटल प्रक्रिया के तहत डीएमआई देशभर में मर्चेंट लोकेशन्स पर रिलायंस रिटेल कंज्यूमर इलेक्ट्रिक कस्टमर्स को फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इस साझेदारी की शुरुआत रिलायंस रिटेल द्वारा हाल में लॉन्च जियोफोन नेक्स्ट के लिए लोन के साथ होगी। बड़े बदलाव लाने वाली इस साझेदारी के तहत रिलायंस रिटेल के सभी ग्राहकों को बिल्कुल पेपरलेस तरीके से तत्काल, फ्लेक्सिबल और अफोर्डेबल ईएमआई विकल्प मिलेंगे। ग्राहकों को जियोफोन नेक्स्ट के लिए 18-24 माह के ईएमआई का विकल्प मिलेगा। डीएमआई के प्रवक्ता ने कहा आज के युग में एक स्मार्टफोन सिर्फ कंज्यूमर प्रोडक्ट और वित्तीय समावेशन से जुड़ा उपकरण भी है। डीएमआई में हमें जियोफोन नेक्स्ट के साथ कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के एक विस्तृत रेंज के लिए फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हमें रिलायंस रिटेल के साथ साझेदारी कर गर्व का अनुभव हो रहा है। इससे करोड़ों भारतीयों को डिजिटल लाइफ का एक्सेस होगा और इससे उनके अधिक समृद्ध भविष्य को पूरा करने के और करीब पहुंच जाएंगे।

एनएमडीसी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 सम्पन्न हुआ

रायपुर/हैदराबाद/नवप्रदेश। एनएमडीसी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 (वीएडब्ल्यू 2021) मनाया जिसका समापन समारोह आज प्रधान कार्यालय तथा सभी उत्पादन परियोजनाओं में सम्पन्न हुआ। सार्वजनिक क्षेत्र के नवरत्न उपक्रम ने केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों के अनुरूप 26-10-2021 से 01-11-2021 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया जिसकी थीम स्वतंत्र भारत@75 : सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुमित देब, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एनएमडीसी; सोमनाथ नंदी, निदेशक (तकनीकी); दिलीप कुमार, मोहंती निदेशक (उत्पा दन) एवं प्रधान कार्यालय और अनुसंधान और विकास केंद्र के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सप्ताह भर चलने वाले इस समारोह के दौरान एनएमडीसी ने अपने कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी, नारा लेखन, वाक् तथा निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। कंपनी ने कार्पोरेट अभिशासन प्रौद्योगिकी का उपयोग तथा व्हीसिल ब्लोअर प्रणाली पर एक सत्र का भी आयोजन किया जिसमें प्रमुख वक्ता डॉ.प्रवीण कुमारीसिंह, अपर सचिव, केंद्रीय सतर्कता आयोग ने संबोधित किया। सप्ताह के दौरान जागरूकता एवं संवेदीकरण के लिए विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। एनएमडीसी ने सत्यनिष्ठा के साथ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने के लिए सतर्क भारत के संबंध में जागरूकता का सृजन करने और जनता तक पहुंच बनाने के अपने क्रियाकलापों के एक भाग के रूप में कुछ विद्यालयों/कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए कोविड दिशानिर्देशों का पालन करते हुए कार्यक्रमों का आयोजन किया।

छग पुलिस भर्ती : आवेदन 11 नवंबर तक

रायपुर। पुलिस में सूबेदार, एसआई और प्लाटून कमांडर भर्ती में अनूसूचित जनजाति के युवाओं को बड़ी राहत दी है। इस वर्ग के युवाओं को ऊंचाई और सीने की माप में छूट दी गई है। इसके साथ ही सभी वर्गों के लिए पुलिस भर्ती में आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 नवंबर तक के लिए बढ़ा दी गई है। सोमवार को सीएम भूपेश बघेल ने इसकी घोषणा की। अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरुष उम्मीदवारों के लिए शारीरिक सीमा में न्यूनतम ऊंचाई 163 सेमी तय हुई है। सीने की न्यूनतम माप में छूट देते हुए सीना बिना फुलाए 78 सेमी और फुलाने पर 83 सेमी का नया मानक बनाया गया है। भर्ती के लिए शेष अनिवार्यता पूर्व में जारी विज्ञापन अनुसार ही होंगी। 975 पदों पर भर्तियां होनी है। जिसमें उप निरीक्षक के 577, प्लाटून कमांडर के 247, सूबेदार के 58, सब इंस्पेक्टर क्रेश्चन डॉक्यूमेंट के 69, सब इंस्पेक्टर फिंगरप्रिंट के 6, सब इंस्पेक्टर कंप्यूटर के 6 और सब इंस्पेक्टर रेडियो के 9 पद शामिल हैं। इसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तय हुआ था। इसको लेकर आदिवासी वर्गों की ओर से लगातार मांग आ रही थी कि अधिकांश जनजातियों की सामान्य लंबाई कम है। ऐसे में बहुत से युवा पुलिस में भर्ती नहीं हो पाते। उसके बाद यह घोषणा सामने आई है। शर्तों में बदलाव के बाद आवेदन की तिथि भी बढ़ा दी गई। अब सभी वर्गों के उम्मीदवार 11 नवंबर शाम 5.30 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

दीवाली पर बाजार में उमड़ी भीड़

प्रशासन ने 3 सेक्टरों में बांटी ट्रैफिक व्यवस्था

रायपुर/नवप्रदेश। धनतेरस समेत त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम सुचारू संचालन हेतु यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों को 3 सेक्टरों में बांटकर व्यवस्था बनाया गया है। जिसमे अलग-अलग जगहों को चिन्हांकित कर पार्किंग व्यवस्था बनाई गई है।

इसके साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी रायपुर पुलिस की टीम अलग अलग बाजारों में सादी वर्दी में भी तैनात किए गए है। जिससे बाजार में खरीददारी करने वाले तमाम लोगों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो।

गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक रायपुर प्रशांत अग्रवाल द्वारा त्योहारी सीजन के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था बनाने व यातायात में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। जिस पर यातायात पुलिस द्वारा नगर निगम अतिक्रमण दस्ता के साथ सुगम यातायात को बाधा उत्पन्न करने वाले के विरुद्ध लगातार सख्ती के साथ अभियान चलाया जा रहा हैं।

इस संबंध में व्यापारी संघों की बैठक आयोजित कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर एमआर मंडावी द्वारा त्योहारी सीजन के दौरान यातायात पुलिस का सहयोग करने व अपना वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल में पार्क करने साथ ही दुकान में आने वाले ग्राहकों को भी पार्किंग स्थल में अपना वाहन पार्क करने के संबंध में निर्देशित किया गया।

इसके अतिरिक्त दुकान के बाहर सामान निकाल कर दुकानदारी करने वालों पर भी कारवाही किए जाने के संबंध में निर्देशित किया गया है, जिस पर व्यापारी संघ द्वारा अपनी सहमति व्यक्त करते हुए यातायात पुलिस को सुगम सुचारू व्यवस्था बनाने हेतु पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया गया है।

रात में होगा मॉल लोडिंग अनलोडिंग का काम

सामान लोडिंग अनलोडिंग हेतु समय निर्धारित त्योहारी सीजन के दौरान दुकानों में माल लोडिंग अनलोडिंग हेतु सुबह 10:00 से 1:00 बजे एवं संध्या 4:00 बजे से 9:00 बजे रात्रि तक प्रतिबंधित रहेगा।

ये है रायपुर के बाजारों की पार्किंग व्यवस्था

सेक्टर 1 : एमजी रोड, केके रोड, फाफाडीह रोड, स्टेशन रोड तेलंगानी नाका, आमापारा बाजार क्षेत्र उपरोक्त बाजार क्षेत्रों में आने वाले वाहन चालक अपना वाहन मल्टी लेवल पार्किंग गंज मैदान शारदा चौक के पीछे पार्किंग स्थल पर अपना वाहन पार्क करेंगे।

सेक्टर 2 : मालवीय रोड सदर बाजार रोड कंकालीपाड़ा रोड पुरानी बस्ती लाखे नगर शास्त्री बाजार क्षेत्र उपरोक्त बाजार क्षेत्रों में आने वाले वाहन चालक अपना वाहन गांधी मैदान हिंदी स्पोर्ट्स ग्राउंड सीरत मैदान जवाहर मार्केट पार्किंग स्थल में अपना वाहन पार्क करेंगे।

सेक्टर 3 : पंडरी कपड़ा मार्केट, देवेंद्र नगर, पीली बिल्डिंग, लोधिपारा चौक, अनुपम नगर बाजार क्षेत्र को रखा गया है इस बाजार क्षेत्र में आने वाले वाहन चालक अपना वाहन पंडरी कपड़ा मार्केट के सामने पार्किंग स्थल सिटी सेंटर मॉल पार्किंग प्रगति मैदान वह गंज मंडी मैदान में अपना वाहन पार्क करेंगे।

राज्य निर्माता वाजपेयी को विस्मृत करना कांग्रेस की ओछी मानसिकता : सुंदरानी

■ भाजपा का राज्य सरकार पर आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा की छत्तीसगढ़ इकाई ने सोमवार को छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर नवा रायपुर में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटलबिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य गठन के लिए उनके योगदान को याद कर छत्तीसगढ़ के प्रति उनकी सद्भावना और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए उनके उदार राजनीतिक नेतृत्व को नमन कर कृतज्ञता व्यक्त की।

भाजपा के रायपुर जिलाध्यक्ष श्रीचन्द सुन्दरानी ने छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के मौक़े पर भी राज्य निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी वाजपेयी को विस्मृत कर संकीर्ण मनोवृत्ति और राजनीतिक ओछेपन का प्रदर्शन करने के लिए प्रदेश सरकार की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि एक 'खानदान' के प्रति अपनी स्वामीभक्ति दिखाती प्रदेश सरकार और उसके मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह जता दिया है कि कांग्रेस के डीएनए में ही राजनीतिक दुराग्रह कूट-कूटकर समाया हुआ है।

देश-प्रदेश के विकास में अन्य दलों व नेताओं के योगदान की चर्चा करना और उन्हें सहज भाव से स्वीकार करना कांग्रेस के राजनीतिक संस्कारों में है ही नहीं। कांग्रेस और उसके नेता 'परिवार-वंदना' करके एक खानदान की चाटुकारिता में ही रमे रहकर राजनीतिक सद्भाव, सौजन्यता और परस्पर सम्मान को भुला बैठे हैं।

श्रीचन्द सुन्दरानी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटलजी ने जिस परिकल्पना के साथ छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया था, प्रदेश में भाजपा ने अपने 2003 से 2018 तक के 15 वर्षों के शासनकाल में उस परिकल्पना को आत्मसात करके धरातल पर पूरी राजनीतिक इच्छा शक्ति के साथ साकार किया और अल्पावधि में ही छत्तीसगढ़ को देश के तेज़ी से विकास पथ पर बढ़ते प्रदेश के रूप में पहचान दिलाई।

किसान करा सकेंगे 10 नवम्बर तक खरीफ फसलों का पंजीयन

रायपुर/नवप्रदेश। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान बेचने तथा खरीफ फसलों की खेती के लिए योजना के तहत आदान सहायता राशि का लाभ लेने के लिए राज्य के किसान भाई एकीकृत किसान पोर्टल में अब 10 नवम्बर 2021 तक पंजीयन करा सकेंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंत्रीगणों, जनप्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों की मांग के मद्देनजर राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2021 से बढ़ाकर अब 10 नवम्बर 2021 तक किए जाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री की घोषणा के परिपालन में किसान पोर्टल में 10 नवम्बर तक पंजीयन जारी रहेगा।

यहां यह उल्लेखनीय है कि पूर्व में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आयोजित केबिनेट की बैठक में खरीफ सीजन की सभी फसलों एवं उद्यानिकी फसलों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना में शामिल करने का निर्णय लिया गया था। केबिनेट के इस निर्णय को ध्यान में रखते हुए किसानों की सहूलियत के लिए पंजीयन की अवधि में एक माह की बढ़ोत्तरी करते हुए 31 अक्टूबर 2021 कर दिया गया है।

गौरतलब है कि राज्य के किसान की सहूलियत और पंजीयन की प्रक्रिया को आसान करने के उद्देश्य से शासन द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल https://kisan.cg.nic.in बनाया गया है।

एकीकृत किसान पोर्टल में राजीव गांधी किसान न्याय योजना, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, कोदो-कुटकी, रागी उपार्जन योजना तथा उद्यानिकी फसलों के उत्पादक किसानों को लाभ लेने के लिए एक बार पंजीयन कराना होगा। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत खरीफ मौसम में कृषि एवं उद्यानिकी फसल उत्पादक कृषकों को प्रति वर्ष 9 हजार रूपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि दिए जाने का प्रावधान है।

खरीफ वर्ष 2020-21 में जिस रकबे में किसान द्वारा धान की खेती एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया था, यदि वह किसान धान के बदले सुगंधित धान, फोर्टिफाइड धान, अन्य अनाज, दलहन, तिलहन, उद्यानिकी फसल अथवा वृक्षारोपण करता है, तो उसे प्रति एकड़ 10 हजार रूपए की अनुदान सहायता दी जाएगी। वृक्षारोपण करने वाले किसानों को आदान सहायता राशि आगामी तीन वर्षों तक देय होगी।

15 शिक्षक हुए मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित

स्कूल शिक्षा मंत्री टेकाम ने किया सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने सोमवार को रायपुर में सालेम उच्चतर माध्यमिक शाला में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान समारोह में 15 शिक्षकों को सम्मानित किया। इनमें शासकीय प्राथमिक शाला के 12 प्रधान पाठक और सहायक शिक्षकों को शिक्षादूत पुरस्कार और राज्य स्तरीय ज्ञानदीप पुरस्कार से तीन शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महापौर एजाज ढेबर, जिला शिक्षा अधिकारी आर.एन.बंजारा के साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग के सहायक संचालक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षकगण एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। स्कूल शिक्षा डॉ. टेकाम ने मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में सम्मानित सभी शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने इसी प्रकार कार्य करते रहने के लिए शिक्षकों को प्रेरित कर सभी को शुभकामनाएं दी। मंत्री डॉ. टेकाम ने समारोह में ज्ञानदीप पुरस्कार के लिए जिला स्तर पर चयनित रायपुर जिले के तीन शिक्षकों अरुण्ण तिवारी शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिठिया विकासखंड तिल्दा, पूर्णेश डडसेना शिक्षक एलबी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंगोराभाठा दक्षिण पूर्व विकासखंड धरसींवा और हरीश दीवान शिक्षक एलबी पूर्व माध्यमिक शाला खमतराई विकासखंड आरंग को शॉल, श्रीफल प्रशस्ति पत्र एवं सात-सात हजार रूपए की धनराशि प्रदान की। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने शिक्षादूत पुरस्कार के लिए रायपुर जिले के सभी पांचों विकासखंडों से चयनित प्राथमिक स्तर के 12 शिक्षकों को शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और 5-5 हजार रूपए की धनराशि प्रदान की। इनमें विकासखंड अभनपुर के सहायक शिक्षक एलबी कुम्भज सिंह कश्यप शासकीय प्राथमिक शाला दीनदयाल नवापारा, यशवंत कुमार साहू शासकीय प्राथमिक शाला कठिया नम्बर-2 और योगेन्द्र कुमार ध्रुव शासकीय प्राथमिक शाला टीला शामिल है।

सम्मान | राज्यपाल ने राज्य स्तरीय करमा नृत्य प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

आदिवासी अपने अधिकारों के लिए जागरूक और संगठित हों: सुश्री उइके

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके उरांव आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित राज्य स्तरीय करमा नृत्य प्रतियोगिता के कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर पर संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, विधायक डॉ. प्रीतम राम, विधायक मोहित केरकेट्टा, राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो सहित बड़ी संख्या में उरांव आदिवासी समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

राज्यपाल ने करमा नृत्य आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से सामाजिक मेल-जोल और सद्भाव और बढ़ता है। उन्होंने 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक हुए राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री एवं संस्कृति मंत्री एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नृत्य-संगीत, आदिवासियों के जीवन का अभिन्न अंग है। इसके जरिए ना केवल उनका मनोरंजन होता है बल्कि एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में कला, संस्कृति भी हस्तांतरित की जाती है। जिस तरह नृत्य में लय और अनुशासन जरूरी रहता है उसी प्रकार जीवन में भी इसका महत्व है। आज के आपा धापी के इस युग में अपने आप को मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए नृत्य और संगीत बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी सरल स्वभाव के होते के साथ ही स्वाभिमानी भी होते हैं। उन्होंने समाज के लोगों को अपने अधिकारों के लिए जागरूक होने और संगठित होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वे अपनी आजीविका के लिए जल, जंगल और जमीन पर निर्भर रहते हैं, जो कि उनका स्वाभाविक अधिकार है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा कानून का क्रियान्वयन शीघ्र ही होगा, इसके लिए वे लगातार प्रयास कर रहे हैं। आदिवासी कल्याण के लिए राज्य शासन की सोच भी सकारात्मक है। शासन द्वारा उनके कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है।

उन्होंने कहा कि यह छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बाहुल्य राज्य के लिए गौरव की बात है कि केन्द्र शासन द्वारा आदिवासी समुदाय के ही व्यक्ति को संवैधानिक मुखिया बनाकर भेजा गया है और मेरे लिए भी यह गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए और अपनी बोली, भाषा, लोक कला को जीवित रखने के लिए प्रचार के आधुनिक माध्यमों का भी उपयोग करना चाहिए। समाज को शिक्षा विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा, अपने आसपास के वातावरण की साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि कोरोना महामारी से हमने बहुत कुछ सीखा है। आदिवासी समुदाय को खेती-किसानी के अलावा युवाओं के कौशल बढ़ाने पर भी विचार करना चाहिए, जिससे उन्हें अन्य क्षेत्रों में भी रोजगार मिल सके।

संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत ने इस अवसर पर कहा कि कल समाप्त हुए राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में देश-विदेश से कलाकार आए थे। सभी आदिवासी समुदायों से मिलने का और उनकी संस्कृति को जानने का अवसर मिला और यह बात सामने आई कि सभी आदिवासियों में काफी समानता होती है।

संपादकीय

बॉलीवुड, ड्रग्स और अंडरवर्ल्ड

शाहरूख खान के बेटे आर्यन खान की ड्रग्स मामले में गिरफ्तारी और उसके बाद जमानत पर उसके छूटने के बाद भी इस मामले को लेकर राजनीति चरम पर पहुंची हुई है। ड्रग्स मामले में कार्यवाही करने वाले एनसीबी के ज्वाईंट डायरेक्टर समीर वानखेड़े के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार के एक मंत्री नवाब मलिक ने मोर्चा ही खोल रखा है। ये वहीं नवाब मलिक है जिनके दामाद के खिलाफ भी समीर वानखेड़े ड्रग्स मामले में कार्यवाही की थी और उसे जेल की हवा खिलाई थी। संभवतः नवाब मलिक यही खुन्नस निकाल रहे है और आर्यन खाने के मामले को लेकर एनसीबी पर लगातार हमला कर रहे है। उन्होने भाजपा पर भी आरोप मढ़ने शुरू कर दिए है कि वह बॉलीवुड को बदनाम करने की साजिश रच रही है। जबकि बॉलीवुड, ड्रग्स और अंडरवर्ल्ड का कनेक्शन पहले ही जग जाहिर है। बॉलीवुड में जां गंदगी फैली हुई है उसके पीछे अंडरवर्ल्ड का ही हाथ है जो अब ड्रग्स का भी कारोबार कर रहा है। अंडरवर्ल्ड को राजनीतिक संरक्षण भी मिला हुआ था अब स्थितियां बदल गई है इसके बावजूद बॉलीवुड पर अभी भी अंडरवर्ल्ड का प्रभाव किसी न किसी रूप में कायम है। नवाब मलिक जैसे नेता यदि इस गंदगी को हटाने वाले ईमानदार अधिकारियों के खिलाफ बयानबाजी करेंगे तो इससे साफ जाहिर होता है कि वे खुद भी इस दलदल में धंसे हुए है। अपने परिवार की तरफ से लोगों का ध्यान हटाने के लिए ही वे इस कदर अनर्गल प्रलाप कर रहे है। अब तो उन्होने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस की धर्म पत्नि का एक फोटो भी सोशल मीडिया पर डाला है जिसमें वे एक ऐसे व्यक्ति के साथ है जिसकी ड्रग्स मामले में हाल ही में गिरफ्तारी हुई है। यह फोटो डाल कर नवाब मलिक ने आरोप लगाया है कि ड्रग्स माफिया को भाजपा का संरक्षण प्राप्त है। इसके जवाब में देवेन्द्र फड़नवीस ने पलटवार किया है कि नवाब मलिक के अंडरवर्ल्ड के साथ संबंध है और उनके पास इस बात के पुख्ता सबूत है जिसे वे दीपावली के बाद उजागर करेंगे नवाब मलिक तो फुलझड़ी छोड़ रहे है लेकिन वे दीपावली के बाद धमाका करेंगे। देवेन्द्र फड़नवीस के अनुसार उनकी धर्म पत्नि के साथ इस व्यक्ति की फोटो वायरल की गई वह फोटो चार साल पुरानी है। सार्वजनिक जीवन में रहने वाले लोगों को कई लागो के साथ मिलना पड़ता है ऐसे में इस तरह की कोई फोटो को आधार बनाकर ड्रग्स माफिया के साथ भाजपा की सांठ-गांठ का आरोप लगाना हास्यास्पद है। बहरहाल ड्रग्स मामले को लेकर इस तरह की राजनीति हो रही है उसे देखते हुए लगता है कि अब यह राजनीतिक लड़ाई बनने जा रही है।

विचार

तरक्की की छलांग को तैयार देश

अंधकार पर विजय का त्योहार है दीपावली। अंधकार के भी कई प्रकार होते हैं। दीपावली से जुड़ी तमाम कथाओं, किंवदंतियों में आपको उनके दर्शन भी होते हैं और आभास भी। लेकिन इस वक्त दीपावली या दिवाली का इंतजार सबसे ज्यादा इस उम्मीद के साथ हो रहा है कि यह त्योहार हमारी जिंदगी में छाई मायूसी, बेबसी व निराशा को खत्म करेगा और अर्थव्यवस्था पर छाए मंदी के बादलों को छांटने की राह आसान करेगा। लक्ष्मी पूजन के पर्व दिवाली और उससे ठीक पहले खरीदारी का शगुन पूरा करने वाला त्योहार धनतेरस वर्षों से देश के व्यापार व उद्योगों के लिए बड़ी उम्मीदों और खुशहाली का वक्त रहा है। सो, दिवाली के जश्न का असली ट्रेलर तो धनतेरस पर ही दिखेगा। लेकिन इससे पहले गणेशोत्सव और नवरात्र पर इस बार ऐसे संकेत साफ दिख चुके हैं कि बाजार में खरीदारी का माहौल बन रहा है। एक नहीं, अनेक तरफ से इस बात के संकेत दिखने लगे हैं कि इस बार दिवाली और उसके बाद नए साल तक चलने वाला पूरा त्योहारी मौसम वाकई जश्न मनाने का वक्त होने जा रहा है। यह जश्न सिर्फ खरीदारी और घर की सजावट तक सीमित नहीं है। दुनिया भर के बड़े-बड़े अर्थशास्त्रियों और एजेंसियों की नजर इसी पर टिकी हुई है कि भारत में त्योहारी मौसम इस बार कैसा रहता है। वजह यह है कि भारत अब दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और अगर यह मंदी की मार से निकलकर तेज रफ्तार से दौड़ने लगता है, तो बाकी दुनिया के लिए भी आगे की राह काफी आसान हो जाएगी। आर्थिक गतिविधियों पर नजर रखने वाली दुनिया की दिग्गज समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग का कहना है कि पिछले महीने की त्योहारी खरीदारी से ही उसे दिख रहा है कि भारत अब दुनिया में सबसे तेज रफ्तार विकास की तरफ बढ़ रहा है। दरअसल, यह त्योहारी खरीदारी ही भारतीय अर्थव्यवस्था को वह दम दे रही है कि वह इतनी तेज रफ्तार से तरक्की कर सके। ब्लूमबर्ग एक ट्रैकर चलाती है, जिसमें वह आठ पैमानों पर लगातार अर्थव्यवस्था की नब्ज टटोलती रहती है। इनमें कहीं अच्छी और कहीं चिंताजनक तस्वीर दिखने के बावजूद एक से सात के पैमाने पर भारत की सुई लगातार तीसरे महीने पांच पर टिकी हुई है। इस पैमाने को वह 'एनिमल स्पिरिट डायल' कहती है, यानी यहां से आगे बढ़ने की इच्छा और क्षमता का पैमाना। साफ है, देश तरक्की की छलांग के लिए तैयार हो रहा है। यह कहने का आधार मिलता है विनिर्माण और सेवा, दोनों ही तरह के कारोबारों में नए ऑर्डरों के साथ बढ़े उत्साह से। देश से निर्यात में पिछले साल के मुकाबले 23 फीसदी का उछाल और पिछले महीने के मुकाबले 1.6 प्रतिशत की बढ़त है। आयात में भी अच्छी बढ़त है। लेकिन उसकी सबसे बड़ी वजह है, सोने की खरीदारी में जबर्दस्त उछाल। पिछले सितंबर के मुकाबले सोने के आयात में इस बार 254 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। जुलाई से सितंबर के बीच भारत ने 139 टन सोना आयात किया है। यह 2019 में आए 124 टन से भी ज्यादा है।

परंपरा बचायें मिट्टी के दीया जलायें

विजय मिश्रा 'अमित
पूर्वअति.महाप्रबंधक(जसं)

सृष्टि में जितने भी प्राणी है उन सभी का प्रत्यक्ष संबंध मिट्टी से हवा, पानी की तरह जुड़ा है। जन्म से लेकर मृत्युपर्यन्त मिट्टी से निर्मित वस्तुओं को मनुष्य अपनी दैनिक दिनचर्या में षामिल करता है। मिट्टी से निर्मित सामग्रियों का उपयोग अनादिकाल से लेकर अत्याधुनिकता की जीवनषैली में जी रहा मनुष्य आज भी कर रहा है। मिट्टी के घड़े और सुराही के सामने नवीनतम तकनीकी से युक्त फ्रीज का दर्जा सदैव नीचे ही दिखाई देता है। यही वजह है कि ग्रीष्मकाल के आते ही जिस तरह से मिट्टी से निर्मित मटको की मांग बढ़ जाती है उसी तरह दीपोत्सव पर्व में मिट्टी से निर्मित दीये की पूछ परख बढ़ जाती है। मिट्टी के दीये के बिना दीपोत्सव की कल्पना नहीं की जा सकती। इंद्रधनुष की भांति रंग-बिरंगे विद्युत चलित झालर, विविध आकर्षक आकार की मोमबत्ती बाजार में उपलब्ध है पर पारम्परिक दीयों की हवा में झिलमिलाती ज्योति को देखकर ही दीप पर्व की पवित्रता का बोध होता है।

छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार छत्तीसगढ़ के त्यौहारों को महत्व देने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। दीपावली पर्व में मिट्टी के दीये का उपयोग बढ़ाने के लिए अभूतपूर्व पहल की गई है। कुम्हार एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा बनाये गये मिट्टी के दीये के विक्रय हेतु सम्पूर्ण सुविधा के साथ ही उनसे कर की वसूली नहीं किये जाने के निर्देश सरकार के द्वारा जारी किये गये है। 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' को साकार करने की दृष्टि से यह फैसला ऐतिहासिक और नमन योग्य है। छत्तीसगढ़ के तीज त्यौहार, परम्परा के साथ ही मिट्टी का मान बढ़ाने की यह अनूठी पहल इस बात की साक्षी है कि मिट्टी, पानी और बयार जीवन के हैं ये आधार।

सृष्टि में जितने भी प्राणी है उन सभी का प्रत्यक्ष संबंध मिट्टी से हवा, पानी की तरह जुड़ा है। जन्म से लेकर मृत्युपर्यन्त मिट्टी से निर्मित वस्तुओं को मनुष्य अपनी दैनिक दिनचर्या में षामिल करता है। मिट्टी से निर्मित सामग्रियों का उपयोग अनादिकाल से लेकर अत्याधुनिकता की जीवनषैली में जी रहा मनुष्य आज भी कर रहा है। मिट्टी के घड़े और सुराही के सामने नवीनतम तकनीकी से युक्त फ्रीज का दर्जा सदैव नीचे ही दिखाई देता है। यही वजह है कि ग्रीष्मकाल के आते ही जिस तरह से मिट्टी से निर्मित मटको की मांग बढ़ जाती है उसी तरह दीपोत्सव पर्व में मिट्टी से निर्मित दीये की पूछ परख बढ़ जाती है।

मिट्टी के दीये के बिना दीपोत्सव की कल्पना नहीं की जा सकती। इंद्रधनुष की भांति रंग-बिरंगे विद्युत चलित झालर, विविध आकर्षक आकार की मोमबत्ती बाजार में उपलब्ध है पर पारम्परिक दीयों की हवा में झिलमिलाती ज्योति को देखकर ही दीप पर्व की पवित्रता का बोध होता है। मिट्टी के दियों के बिना दीपावली की दषा बिन पानी की नदिया की भांति हो जायेंगी। मिट्टी के दीये बनाने का काम करने वाले समाज के लोग कुम्हार और कुम्भकार कहलाते है। ये इनका पुष्तैनी पेषा है। कुम्हार लोग मिट्टी के दीये के साथ-साथ लक्ष्मी, गणेष, सरस्वती, दुर्गा की मूर्ति तरह-तरह के खिलौने बनाते हैं। आटे की भांति मिट्टी को गूंथना और गुंथी हुई मिट्टी से चुटकी बजाते विविध वस्तुओं का निर्माण कर देना इनके बांये हाथ का खेल है। आम आदमी गूंथे हुए आटे से सही आकार में रोटियां नहीं निर्मित कर पाता, पर कुम्हार समाज के छोटे बच्चे भी मिट्टी से मनमाफिक वस्तुओं को आकार देने में माहिर होते हैं। यद्यपि बदलते हुए वक्त की चपेट में कुम्हार समाज और मिट्टी की कला भी गुम होती नजर आती है। दरअसल महंगे कोयला, भूसा, पानी, मिट्टी और पसीना बहाते परिश्रम से निर्मित वस्तुओं के वाजिब दाम ग्राहकों से ले पाना कुम्हारों के लिए सिरदर्द हो चला है। आधुनिक बाजार में उपलब्ध सस्ते चायनीज सामानों के सामने पारम्परिक वस्तुओं के प्रति खरीददारों का रूझान कम हो चला है। कुम्हार का मिट्टी से दूर होना भारतीय परम्परा, संस्कृति और पर्वों से बढ़ती दूरियों का सूचक है। इसे समझते हुये छत्तीसगढ़ में सरकार ने कुम्हारों की पीड़ा को हरने और लुप्त होती परम्पराओं को संरक्षित करने का बीड़ा उठाया है। यह एक अत्यंत ही शुभ संकेत है। सरकार की ऐसी सोच को सफलता के मुकाम पर पहुंचाने की जिम्मेदारी आमजनों की भी है। मिट्टी का दीया मनुष्य को मिट्टी से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करता है।

> मिट्टी के दियों के बिना दीपावली की दषा बिन पानी की नदिया की भांति हो जायेंगी। मिट्टी के दीये बनाने का काम करने वाले समाज के लोग कुम्हार और कुम्भकार कहलाते है। ये इनका पुष्तैनी पेषा है। कुम्हार लोग मिट्टी के दीये के साथ-साथ लक्ष्मी, गणेष, सरस्वती, दुर्गा की मूर्ति तरह-तरह के खिलौने बनाते हैं। आटे की भांति मिट्टी को गूंथना और गुंथी हुई मिट्टी से चुटकी बजाते विविध वस्तुओं का निर्माण कर देना इनके बांये हाथ का खेल है। आम आदमी गूंथे हुए आटे से सही आकार में रोटियां नहीं निर्मित कर पाता, पर कुम्हार समाज के छोटे बच्चे भी मिट्टी से मनमाफिक वस्तुओं को आकार देने में माहिर होते हैं। यद्यपि बदलते हुए वक्त की चपेट में कुम्हार समाज और मिट्टी की कला भी गुम होती नजर आती है। दरअसल महंगे कोयला, भूसा, पानी, मिट्टी और पसीना बहाते परिश्रम से निर्मित वस्तुओं के वाजिब दाम ग्राहकों से ले पाना कुम्हारों के लिए सिरदर्द हो चला है। आधुनिक बाजार में उपलब्ध सस्ते चायनीज सामानों के सामने पारम्परिक वस्तुओं के प्रति खरीददारों का रूझान कम हो चला है।

मिट्टी की महिमा को वह उजागर करता है। लेकिन नये जमाने का मनुष्य अपनी पुरानी परम्पराओं, रीति-रिवाजों से दिन-ब-दिन दूरियां बढ़ाते हुए नीरसता और एकाकीपन के मकड़जाल में फंसता जा रहा है। ऐसे समय में मिट्टी के दीये और विद्युत चलित बल्बों से निर्मित झालर के बीच दीपावली की रात हो रहे संवाद का स्मरण आता है जो कि कुछ इस तरह हैं - 'दीपावली की रात अपनी खूबसूरती की अकड़ दिखाते हुए झालर ने दीये से कहा - अरे मिट्टी का दीया आज के जमाने में तेरी पूछ परख नाममात्र को रह गई है। आने वाले समय में गांव गली और गरीब की झोपड़ी भी तुझे बाहर का रास्ता दिखा देंगे। मैं शहरों-महलों के साथ -साथ गांव और झोपड़ियों में भी सुशोभित होता नजर आउंगा। झालर की ऐसी अकड़ भरी बात सुनकर मिट्टी का दीया हल्की सी मुस्कान चेहरे पर लाते हुए बोला - झालर भाई, अकड़ को इतना पकड़ के मत रखों, क्योंकि इतिहास गवाह है कि अकड़ ने जिसे जकड़ा, उसका अंत बहुत ही बुरा हुआ है। वैसे भी इस बात को मत भूलों कि पूजा के समय, पूजा की थाली में ईष्वर के चरणों में मुझ मिट्टी के दीये को ही जगह मिलती है। यही मेरे लिए सबसे बड़ा मान-सम्मान है। तुम्हारी पूछपरख केवल विशेष अवसरों पर ही होती है। जबकि जन्म से लेकर मृत्यु संस्कार तक मेरा उपयोग मानव समुदाय सदैव पूज्य भाव से करता है।

मिट्टी के दीये की बात को व्यंग भरे अट्टहास से परे झटकते हुए झालर फिर गरजा - कहां पूजा की एक छोटी सी थाली और कहां गगनछूती इमारतों की छतें । बड़े-बड़े और ऊंचे-ऊंचे स्थानों पर मेरा साम्राज्य है। मेरे पसरते पांव को तुम जैसे तुच्छ दीये भला कैसे रोक पायेंगे ? झालर के इस उलाहना भरे बातों को सुन कर बड़ी षालीनता के साथ मिट्टी के दीये ने कहा - बंधु, झूठी शान की पट्टी तुम्हारी आंखों पर पड़ गई है, उसे उतार कर देखों। दुनिया में झूठी शान, घमंड और अहंकार में जीने वालों का विनाश ही हुआ है। इस बात को हमारे वेद, पुराण और बुजुर्गों ने भी हमें बताया है कि याद रखना कि ''अहंकार में तीन गये धन, वैभव और वंष, न मानो तो देख लो कौरव, रावण और कंस।'' मिट्टी के दीये और झालर के बीच का यह संवाद झूठे शान में जीते मानव समुदाय के गाल पर एक करारा तमाचा है। इस रात टिमटिमाते हुये हवा, आंधी से डरे बिना घने, घुप अंधकार को चीरने और जन-जन के बीच उजाला फैलाने का काम बेधड़क मिट्टी का दिया करता है। वह अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए मानव समुदाय को संदेष देता है कि - 'मिट्टी का एक दिया सारी रात अंधेरे से लड़ता है, तू तो ईष्वर का बनाया हुआ है। हे मनुष्य तू किस बात से डरता है।अंत में एक संकल्प ''चलो मिट्टी के दीये जलायें, प्रकृति, संस्कृति संरक्षण के साथ साथ कुम्हारों की जिंदगी में जगमगाहट लायें। छत्तीसगढ़ की मिट्टी का मान बढ़ाते कहें-

छत्तीसगढ़ की मिट्टी-छत्तीसगढ़ का दीया

छत्तीसगढ़ की खुरमी-छत्तीसगढ़ का मुठिया

राज भवन से विरोध के बिगुल पर नया विवाद

आलोक मेहता

> इस सन्दर्भ में आजादी के बाद राज्यपाल बने वरिष्ठ नेता स्वतंत्रता सेनानी श्री प्रकाश के निर्णय और विचार का उल्लेख उचित होगा। श्री प्रकाशजी ने अपने अधिकार का उपयोग करते हुए बहुमत न होने के बावजूद तत्कालीन मद्रास राज्य (अब तमिलनाडु) में कांग्रेस की सरकार बनवा दी और सी राजगोपालाचारी को मनोनीत कर मुख्यमंत्री बना दिया। राजगोपालाचारी विधान सभा का चुनाव भी नहीं लड़े थे।वह 1952 से 1954 तक मुख्यमंत्री रहे और फिर स्वयं इस्तीफ़ा दे दिया। श्री प्रकाश बाद में 1956 से 1962 तक बम्बई राज्य (अब महाराष्ट्र और गुजरात) के राज्यपाल भी रहे। लेकिन कुछ विवादों के कारण इतने दुखी थे कि उन्होंने कहा था किसी सम्मानजनक व्यक्ति के लिए राज्यपाल का पद स्वीकारना कठिन होगा।

मेघालय में हुई बादलों की राजनीतिक गड़गड़ाहट की गूंज ने दिल्ली सहित पूरे देश को चौंका दिया है। यह पहला अवसर है , जबकि संवैधानिक पद पर बैठे महामहिम राज्यपाल ने सत्तारूढ़ दल के एक मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाने के साथ अपनी ही केंद्र सरकार की नीतियों और कदमों का कड़ा विरोध कर दिया है। दशकों से सक्रिय राजनीति में रहे सत्यपाल मलिक ने जम्मू कश्मीर , गोवा के बाद अब मेघालय के राज्यपाल पद पर रहते हुए यह आरोप लगाया कि गोवा की भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की शिकायत केंद्र सरकार से करने के कारण उनका तबादला मेघालय कर दिया गया। यही नहीं श्री मलिक ने केंद्र सरकार के नए कृषि कानूनों को भी पूरी तरह अनुचित बताते हुए उनके विरुद्ध चल रहे आंदोलन का समर्थन कर दिया है। इतने गंभीर आरोप और रुख के बाद यह मुद्दा उठना स्वाभाविक है कि लोकतान्त्रिक अभिव्यक्ति के अधिकार के बावजूद अपनी ही सरकार के विरुद्ध आवाज उठाने वाले नेता को नैतिक आधार पर इस पद पर रहना या रखा जाना कितना उचित है ?

केंद्र में सरकारें बदलने के बाद पूर्व में नियुक्त राज्यपालों से मतभेद और उन्हें हटाए जाने अथवा राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों के बीच टकराव की स्थितियां सत्तर के दशक से आती रही हैं। संवैधानिक दृष्टि से राज्यपाल केंद्र और राज्य सरकार के बीच संवाद तालमेल और प्रदेश में राजनैतिक अस्थिरता के संकट आने पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्हें राज्य और सरकार का संरक्षक माना जाता है। यही नहीं नियमों के अनुसार यह कहा जाता है कि मंत्री मंडल के सदस्य केंद्र में राष्ट्रपति और राज्य में राज्यपाल की अनुकम्पा पर नियुक्त होते हैं और वे गंभीर आधार होने पर मंत्री को बर्खास्त कर सकते हैं। प्रदेश सरकार के कामकाज पर नजर रखते हुए वे केंद्र को नियमित रूप से अपनी रिपोर्ट और सलाह भेजते हैं। श्री सत्यपाल मलिक ने जम्मू कश्मीर के राज्यपाल के रूप में पूर्व मुख्यमंत्रियों महबूबा मुफ़्ती , ओमार और फारूक अब्दुल्ला के सत्ताकाल में हुई गड़बड़ियों और भ्रष्टाचार की फाइलें निकालकर कार्रवाई शुरू की। वहीँ उन्हें

भी करोड़ों रुपयों की रिश्वत देकर एक उद्योगपति और आर आर एस से जुड़े एक व्यक्ति के आर्थिक हितों से जुड़ी फाइलों की जानकारी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को दी और मोदी द्वारा भी इस काम को नहीं करने की सलाह मिलने पर उन फाइलों को अस्वीकृत कर दिया। लेकिन गोवा की सरकार के कुछ निर्णयों में भ्रष्टाचार की आशंका की जानकारी भी केंद्र को दी। इसके बाद भी भाजपा और केंद्र द्वारा मुख्यमंत्री पर कार्रवाई नहीं हुई और प्रदेश में सीधे टकराव को रोकने के लिए सरकार ने श्री मलिक का तबादला मेघालय कर दिया। दुखी मन से राज्यपाल अब सार्वजनिक रूप से अपने विरोध को व्यक्त कर रहे हैं। यह केंद्र सरकार और आगामी चुनाव के लिए अभियान में जुटी भाजपा के लिए बेहद दुविधा और संकट जैसा मुद्दा बन गया है। कांग्रेस और अन्य प्रतिपक्षी दलों और किसान संगठनों के लिए एक बड़ा राजनीतिक हथियार बन गया है। इस विवाद के साथ एक बार फिर राज्यपाल की भूमिकाओं को लेकर गंभीर विचार की आवश्यकता सामने आ रही है। केंद्र और राज्य सरकारों के संबंधों को लेकर गठित सरकारिया आयोग और बाद में संविधान समीक्षा आयोग ने राज्यपाल पद पर दलगत राजनीति से अलग व्यक्ति को रखने की सिफारिशें की थी। लेकिन केंद्र में आई विभिन्न दलों की सरकारों और संसद ने इस सिफारिश को कभी नहीं माना। यों सामान्यतः कहा यही जाता है कि राष्ट्रपति , उप राष्ट्रपति और राज्यपाल पद पर आसीन होते ही व्यक्ति दलीय भावना और हितों से अलग , निष्पक्ष हो जाता है। लेकिन अनुभव यही बताता है कि यह सिद्धांत व्यवहार में लागू नहीं हो पाता। सत्यपाल मलिक पहले नहीं हैं , हाल के वर्षों में ही रहे कर्नाटक के पूर्व राज्यपाल हंसराज भारद्वाज ने सार्वजनिक रूप से कह दिया था कि वह जीवन भर कांग्रेसी रहे हैं और जनहित तथा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मूकदर्शक नहीं रह सकते हैं। उनके कार्यकाल में प्रदेश में भाजपा की सरकार थी। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनकड़ तो निरंतर ममता बनर्जी की सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोले हुए हैं। इसमें कोई शक नहीं कि किसी कुर्सी पर बैठते ही क्या किसी व्यक्ति के विचार , दिल - दिमाग रातोंरात चमत्कारिक ढंग से बदल सकते हैं ? दूसरी तरफ यदि सरकारी सेवा में रह चुके वरिष्ठ अधिकारी अथवा सेनाधिकारी को राज्यपाल का पद दिए जाने पर सत्तारूढ़ केंद्र सरकार के पक्ष में उसका पूर्वाग्रह नहीं रहेगा।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ज़मीं पर चांद

ज़मीं पर चाँद - तारे और सूरज को उगायेंगे फ़लक से तोड़कर सारे हसीं मंज़र को लायेंगे नहीं मायूस होगा अब बशर दुनिया हसीं होगी यहाँ सब एक - दूजे पर बहुत खुशियाँ लुटायेंगे चमन में फूल ही अब फूल होंगे,तितलियाँ होंगी ग़ज़ल मेरी चमन के रोज़ भौंरे गुनगुनायेंगे।

- 'ऐनुल' बरौलवी

माना कि बड़ी

माना कि बड़ी है दुनिया पर जीवन की छोटी चित्र लहर चित्रों के ऊपर चित्रों पर उभरे है प्यार भरे दो पल ये मधु-पल पाने को सदियां सदियों से चलती रहतीं हैं उस नील-क्षितिज की रेखा पर जहां ज़मीं- गगन आ मिलते हैं जीवन से भरे संगीतों से गुल लब पे हंसी के खिलते हैं इक बूंद नूर की पाने को चांदनी पिघलती रहतीं हैं।

- अजय कुमार सिंह

ख़ास पाती

तुम्हारी बेरुखी नहीं करती

तुम्हारी बेरुखी नहीं करती परेशां मुझे बस ये जीवन से प्राण छीन लेती है हाँ , तुम्हारी बेरुखी जब बढ़ती है साथ ही बढ़ जाती हैं जीवन की हर अड़चने खत्म हो जाता है खुशनुमा माहौल मन हो जाता है अवसाद ग्रसित बस लगता है कब पूरी होगी जीवन की मंजिल कब आयेगी वो घड़ी जो खत्म कर देगी नाता तुम्हारे हमारे बीच प्रीत का , खत्म हो जायेंगे अहसास न रह जायेंगे हम एक दूजे के ख़ास तब ये बेरुखी खो देगी अपना महत्व ये बेरुखी जो जोड़ती नहीं है ये बेरुखी केवल तोड़ती है।

- सीमा मधुरिमा

सोच रहा हूं कुछ लिखूं कि नहीं

सोच रहा हूं कुछ लिखूं कि नहीं लिखूं। कुछ लिखता हूं लोग अपने अपने सोच/ दृष्टि से अपना अपना अर्थ लगाने लगते हैं जो मेरी सोच से मेल नहीं खाता है। क्योंकि मैं नयी सोच, नया विचार नया दृष्टिकोण हूं, न कृष्ण हूं व भीष्म, न द्रोण हूं सारे ही गुणों अवगुणों से युक्त द्वेषराग मुक्त हूं, समझता सबको समान हूं। मैं न शैतान हूं न ही कोई भगवान हूं।

- घनश्याम गुप्ता

जिन लोगों के फेफड़े आक्सीजन

जिन लोगों के फेफ्ड़े आक्सीजन और दुश्मनी के मिक्सर से अवशोषित होते हैं, वे हर सुबह अक्सर खुद में एक रावण गढ़ लेते है। उनके जेहन में यह समझ बैठाना बेहद जरूरी है कि इक पल की पलक पर है ठहरी हुई ये दुनिया, इक पलक झुकने तक हर खेल सुहाना है, हम सभी खिलौने हैं इक ऐसे खिलाड़ी के, जिसको अभी सदियों तक ये खेल रचाना है।

- संतोष कुमार गुप्ता

बन जाये वो जहान जो चाहें बनाएँ हम भटके हुओं को राह कोई तो

बन जाये वो जहान जो चाहें बनाएँ हम भटके हुओं को राह कोई तो दिखाएँ हम तुम जानते तो हो या तुम्हें फिर बताएँ हम कितनी दफ़ा कहानी वो दुहराते जाएँ हम मुश्किल घड़ी में काम किसी के तो आएं हम हम भी बशर हैं इस ज़मीं के ये बताएँ हम इस ज़िन्दगी की और ही हैं कुछ हकीकतें हमको मिली है जो बस उसी से निभाएँ हम फिर भूल जाएगा सभी ग़म अपने ये जहाँ सरगम की धुन पे कोई नया गीत गाएँ हम खुश हो के वो ज़मीं की तरफ देखे तो ज़रा उस आसमान वाले को भी घर बुलाएँ हम हर राज़ ज़िन्दगी की हकीकत से है परे क्या-क्या छुपाएँ और तुम्हें क्या बताएँ हम तस्वीर से जो उनकी नज़र भी हटाई तो हो जाएंगे फ़ना उसी दम ये बताएँ हम तुम भूलने की बात जो करते हो तो सुनो चाहत के रंग पक्के हैं तुमको बताएँ हम जो हमपे गुज़री है हमीं तक रहने दो उसे वो अपनी दास्तां सभी को क्यूँ सुनाएँ हम। - **माधुरी स्वर्णकार**

परछाईयों में ही ढूँढ लिया है मैंनें मेरा वजूद ही है मेरा अपना साथ चलती

परछाईयों में ही ढूँढ लिया है मैंनें मेरा वजूद ही है मेरा अपना साथ चलती है हर लम्हा परछाईयॉ मेरी कभी मुझमें समा कर तो कभी साथ बढ कर।

- बेनु सतीश कॉत

गर हो यकीं तो सुना दूँ राज-ए-दिल

गर हो यकीं तो सुना दूँ। राज-ए-दिल तुमको मैं हूँ ज़मी तु आसमां क्या बयां करूँ आज तुमको ग हो यकीं तो जता दूँ । प्यार-ए-एहसास तुमको मैं रोऊँ तू हँसे क्या बयां करूँ जज़्बात तुमको।

- रिता अशोक शर्मा

QUIZ TIME

1) हाल ही में आईसीसी ने किन तीन नए देशों को एसोसिएट सदस्य के रूप में शामिल किया है?
2) कौन-सी संस्था और व्यक्ति चुम्बक का उपयोग करके पानी से हाइड्रोजन के उत्पादन की नई विधि में शामिल है?
3) मसाला ब्रैण्ड एमडीएच के मालिक महाशय धर्मपाल गुलाटी का हाल ही में निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था?
4) एशिया की सबसे बड़ी प्याज की मण्डी कहाँ स्थित है?
5) यूनेस्को विश्व धरोहर समिति द्वारा किसे विरासत स्थल सूची से डी-लिस्ट किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मंगोलिया, ताजिकिस्तान और स्विट्जरलैंड (2) पी.सी. सुब्रमण्यम के नेतृत्व में आईआईटी दिल्ली के शोधकर्ताओं की एक टीम (3) 2019 (4) लासलगाँव (5) लिवरपूल मैरीटाइम मर्केंटाइल सिटी

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1774 - अंग्रेज अधिकारी कमांडर इन चीफऑफब्रिटिश इंड़िया राबर्ट क्लाइव ने इंग्लैंड में आत्महत्या की। 1834 - एटलस नाम का जहाज भारतीय मजदूरों को लेकर मॉरिशस पहुंचा था जिसे वहां अप्रवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1835 - अमेरिका के मूल निवासियों के विभिन्न गुटों के बीच फ्लोरिडा के ओसिओला में दूसरा सेमीनोले युद्ध शुरू हुआ। यह लड़ाई फ्लोरिडा युद्ध के नाम से भी मशहूर है।1841 - अकबर खान ने अफ़ग़ानिस्तान में शाह शुजा के खिलाफ विद्रोह किया, जिसमें उसे सफलता मिली। 1852 - फ्रेंकलिन पियर्स अमेरिका के राष्ट्रपति बने। 1914 - रूस द्वारा तुर्की के विरुद्ध युद्ध घोषित। 1950 - जार्ज बर्नार्ड शा का 97 वर्ष की आयु में देहावसान। 1951 - मिस्र में ब्रिटेन के खिलाफहुए प्रदर्शनों पर काबू पाने के लिए करीब छह हजार ब्रिटिश सैनिक पहुंचे। 1984 - अमेरिका में 1962 के बाद पहली बार एक महिला वेल्मा बारफिल्ड को फाँसी की सजा दी गयी। 1986 - बेरूत में कट्टरपंथियों के जरिए बंधक बनाए गए एक अमेरिकी नागरिक डेविड जैकोब्सन को रिहा कराया गया। 1999 - पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में संयुक्त राष्ट्र संघ और अमेरिकी केन्द्रों पर अज्ञात लोगों के द्वारा राकेट से हमला। 2001 - अफ़ग़ानिस्तान में विशेष बलों की संख्या बढ़ाने का अमेरिका का फैसला। श्रीपाद येसो नाईक ने केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री में पोत परिवहन पद ग्रहण किया था। 2002 - मुफ़्ती मोहम्मद सईद ने जम्मू-कश्मीर का मुख्यमंत्री पद ग्रहण किया।

राज्योत्सव-2021 : अलंकरण पुरस्कार समारोह में हुई शामिल राज्यपाल, सीएम ने की युवा महोत्सव की बड़ी घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव-2021 के अलंकरण पुरस्कार समारोह में राज्यपाल अनुसुइया उइके और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। राष्ट्र गान और राज्य गान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। समारोह में मंत्रिमंडल के सभी सदस्य, सांसद, विधायक, निगम मंडल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य सही अनेक जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। इसके साथ ही आयोजन स्थल साइंस कॉलेज मैदान में सैकड़ों की संख्या में आम जनता भी शामिल हुई।

राज्योत्सव-2021 के समापन अवसर पर अलंकरण पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे 31 विभिन्न विधाओं पर सम्मान दिया गया। राज्य फिल्म विकास नीति के अंतर्गत छत्तीसगढ़ी फिल्म भूलन द मेज को मिले राष्ट्रीय पुरस्कार के उपरांत राज्य शासन के द्वारा फिल्म के निर्माता निर्देशक मनोज वर्मा को एक करोड़ का चेक प्रदान किया गया। यह पहला अवसर है जब किसी छत्तीसगढ़ी फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया है। इसके उपरांत सम्मान का सिलसिला शुरू हुआ। इस कड़ी में 31 विभिन्न विधाओं पर विभूतियों को राज्य अलंकरण सम्मान से नवाजा गया।

राज्योतसव आयोजन के दौरान विभागीय पुरस्कार के अंतर्गत तीसरे स्थान पर ऊर्जा विभाग को पुरस्कार मिला। कृषि कल्याण विभाग ने द्वितीय पुरस्कार हासिल किया। वही प्रथम स्थान में परिवहन विभाग ने कब्ज़ा जमाया। प्रदर्शनी के माध्यम से परिवहन विभाग ने स्थल पर ही लाइसेंस तैयार कर दिया। यातायात संबंधी जानकारी दी गई और कई औपचारिकताएं भी पूर्ण की गई। इसके अलावा सार्वजनिक उपक्रम में पहला स्थान एनएमडीसी ने प्राप्त किया।

राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ी लोक गीतों और लोक नृत्यों की धूम

राज्योत्सव के मौके पर साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या छत्तीसगढ़ी लोक गीतों और लोक नृत्यों से सराबोर रही। लोक कलाकारों ने परंपरागत लोक संगीत, गीत और नृत्य से दर्शकों को प्रदेश की विविध संस्कृतियों, त्यौहारों, पर्वों और आदिवासी जीवन से परिचय कराया। लोक कलाकारों भूपेन्द्र साहू, सुनील तिवारी और कविता वासनिक ने अपने-अपने दल के साथ छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना, जस गीत, गौरी-गौरा गीत, भोजली, करमा, पंथी नृत्य, सुआ नृत्य, फाग गीत, पारंपरिक विवाह गीत, बसदेव गीत, भरथरी और राऊत नाचा जैसी अनेक विधाओं पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से मंच पर छत्तीसगढ़ के हरेली त्यौहार से लेकर होली तक के लोक जीवन और लोक संस्कृति को जीवंत किया। अरपा पैरी के धार, पता ले जा रे गाड़ीवाला रे, चौरा म गोंदा मोर रसिया, मोर संग चलव रे, महुवा झरे महुवा झरे, मंगनी म मांगे मया नइ मिलय रे मंगनी म, बखरी के तुमा नार बरोबर, छनन छनन बाजे वो पांव के पैजनियां दाई तोर, जोहर जोहर मोर गौरा गौरी जैसे पारंपरिक गीतों और नृत्यों से लोगों को मंत्रमुग्ध किया।

छत्तीसगढ़ सबसे उज्जवल राज्य स्थापित होगा : राज्यपाल

राज्योत्सव के समापन अवसर पर शामिल हुई प्रदेश की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ की स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही प्रदेश के पुरोधा एवं साहित्यकारों को नमन किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के आधार पर प्रदेशवासियों को सुविधाएं प्रदान की जा रही है। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एक ठोस धरातल निर्मित हुआ है। विकास के चौमुखी विकास के लिए सरकार लगातार प्रयास रत है। मानव संसाधन सहित अन्य संसाधनों के दोहन जरूर किया जा रहा है लेकिन इस पर ध्यान भी रखना होगा कि दोहन इस तरह हो ताकि प्रकृति को नुकसान न पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भविष्य की असीम संभावनाओं को सरकार ने पहचाना है, यही कारण है कि छत्तीसगढ़ राज्य में कम समय में ही उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर ली है। अब आवश्यकता है कि इस खुशियों के साथ ही हम उसे भी पहचाने जो हमसे चूक गए हैं। परमात्मा और प्रकृति ने जो वरदान दिया है उसे प्रदेश सहेजने और संवारने में सफल हुए हैं ऐसे में आने वाले समय में छत्तीसगढ़ सबसे उज्जवल राज्य के रूप में जरूर स्थापित होगा।

सीएम ने की युवा महोत्सव की घोषणा

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्योत्सव के समापन अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए पुरखों और साहित्यकारों को नमन किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश हो रहे विकास की संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों, आदिवासी, वनांचल सहित अन्य प्रदेश वासियों का बखूबी ध्यान रख रही है ताकि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। उनकी सरकार नक्सलियों को खदेड़ने में भरसक सफल हुई है। अब बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा जैसे लालगढ़ में अब लाल आतंक काफी काम हुआ है लेकिन अभी और काम करना है ताकि प्रदेश से नक्सलवाद का समूल नष्ट हो जाए। इन क्षेत्रों में नक्सली स्वयं ही मूल धारा में जुड़ने के लिए समर्पण कर रहे हैं। उन्होंने कहा की विकास की बयार में किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना के तहत धान के अंतर की राशि दी जा रही है जिससे किसानों के घर खुशहाली बढ़ी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंच से बड़ी घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि आगामी 12-13-14 जनवरी 2022 को लोक साहित्य, कला एवं युवा महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन रायपुर में किया जाएगा। जिसमे छत्तीसगढ़ी, हल्बी, गोंडी, कुँडुख़, सरगुजी साहित्यकारों को मंच मिलेगा। इसे साथ ही पंडवानी, भरथरी, सुआ, पंथी के साथ प्राचीन नाचा और गम्मत कलाकारों को भी मंच के माध्यम से नया स्थान परम्परिक विधाओं को प्राप्त होगा।

न्यूज गैलरी

पाकिस्तान के लिए नामीबिया आसान शिकार होगा

अबू धाबी (वार्ता)। पाकिस्तान की टीम टी 20 विश्व कप में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए अब तक अपने तीनों मुकाबले जीत चुकी है और सेमीफाइनल में उसकी जगह पक्की हो चुकी है। पाकिस्तान का मंगलवार को नामीबिया से मुकाबला होना है। नामीबिया ने अपने दो में से एक मैच जीता है और एक हारा है।

नामीबिया की टीम यदि कोई चमत्कारिक प्रदर्शन करती है तो वह पाकिस्तान को चौंका सकती है। लेकिन जबरदस्त फॉर्म में चल रही बाबर आजम की टीम के साथ यह उम्मीद कम ही नजर आती है। पाकिस्तान ने अपने पिछले मुकाबले में अफगानिस्तान को आसिफ अली के एक ओवर में मारे गए चार छक्कों की मदद से पराजित किया था और वह इस प्रदर्शन को नामीबिया के खिलाफ दोहरा सकता है।

हार की वजह बताएं विराट कोहली : शशि थरूर

नई दिल्ली (वार्ता)। न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को टी-20 विश्व कप मुकाबले भारतीय क्रिकेट टीम की बड़ी हार के बाद टीम पर सवाल खड़े होने लगे हैं। अब केवल प्रशंसक ही नहीं, बल्कि राजनेता भी टीम से जवाब मांग रहे हैं। कांग्रेस नेता एवं सांसद शशि थरूर ने इस हार के बाद निराशा जताते हुए कप्तान विराट कोहली से हार के पीछे की वजह पूछी है। उन्होंने इस संबंध में सोमवार को एक ट्वीट में लिखा, ÷ हमने उनका सत्कार किया है, उनकी सराहना की है, उनकी प्रशंसा की है और उन्हें सम्मानित किया है। हमें उनके हारने से कोई ऐतराज नहीं है, लेकिन हमें इस बात का मलाल है कि उन्होंने लड़ाई भी नहीं की। कप्तान को हमें यह बताने की जरूरत नहीं है कि क्या गलत हुआ, हम खुद देख सकते हैं, उन्हें हमें यह बताना होगा ऐसा क्यों हुआ।

स्कोडा की कार बिक्री में 116 प्रतिशत का इजाफा

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रीमियम वर्ग की कार निर्माता कंपनी स्कोडा ऑटो इंडिया की कारों की बिक्री में इस वर्ष अक्टूबर में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 116 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

कंपनी ने सोमवार को बताया कि अक्टूबर 2021 में 3065 कारों की बिक्री की गई है, जो अक्टूबर 2020 के 1421 इकाई के मुकाबले 116 प्रतिशत अधिक है।

अमेजन लाखों सेलर्स को दे रहा है जश्न मनाने का मौका

नई दिल्ली। अमेजन ने आज घोषणा की है कि उसके महीने भर चलने वाले ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (जीआईएफ) के दौरान अमेज़न डॉट इन के सेलर्स और ब्रांड भागीदारों ने अब तक के सबसे बड़े शॉपिंग फेस्टिवल का अनुभव किया। यह फेस्टिवल देश भर के लाखों ग्राहकों के लिए खुशियां लेकर आया है। जीआईएफ 2 अक्टूबर की आधी रात को प्राइम अर्ली एक्सेस के साथ शुरू हुआ था। वहीं 3 अक्टूबर को यह फेस्टिवल सभी ग्राहकों के लिए शुरू हुआ था। ग्राहकों ने अमेज़न डॉट इन पर सेलर्स के करोड़ों प्रोडक्ट को काफी पसंद किया। इन प्रोडक्ट में लाखों छोटे और मध्यम व्यवसायों (एसएमबी) के अनूठे उत्पाद भी शामिल थे।

अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट मनीष तिवारी ने कहा कि हम यह देखकर वास्तव में बेहद खुश हैं कि किस प्रकार यह त्योहारी सीजन अमेज़न डॉट इन पर लाखों सेलर्स की जिंदगी में खुशियां लेकर आया है। इन सेलर्स में से कई लखपति और करोड़पति बन गए हैं। हमने इस त्योहारी सीजन में अमेज़न बिजनेस पर 360000 से अधिक एमएसएमई बायर्स ने बढचढ़ कर खरीदारी की। हम उनकी इस सफलता का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। हमें उनके कारोबार को ट्रैक पर लाने और इस त्योहारी सीजन के दौरान सुरक्षित रूप से हमारे ग्राहकों को खुशियों के डिब्बे पहुंचाने पर बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। ग्राहकों की बात करें तो, हम अमेज़न डॉट इन पर विभिन्न श्रेणियों में प्रोडक्ट की विशाल रेंज, टॉप ब्रांड और फास्ट डिलिवरी के साथ उनकी जरूरत की हर चीज पाने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विजय वाघेला बिजनेस हेड वेरो कॉफी मुंबई ने कहा हम जुलाई 21 में लोकल शॉप प्रोग्राम के माध्यम से अमेज़न से जुड़े थे जीआईएफ के दौरान, हमने पूरे मुंबई में 1.5 लाख से अधिक स्वादिष्ट वेरो अरेबिका कॉफी कैप्सूल की बिक्री का आंकड़ा पार किया। अब हम अपने ऑर्डर की शिपिंग कर रहे हैं ताकि ग्राहक उन्हें तुरंत प्राप्त कर सकें! हम अमेजन को धन्यवाद देते हैं, इसने हमें वापस ट्रैक पर लाने और शानदार दिवाली का अनुभव प्रदान करने में मदद की है। शीज़ा काज़मी को-फाउंडर रूटेड पीपुल ने कहा महामारी के दौरान, जब मैं अपने व्यवसाय को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही थी, तब मैंने अमेजन के ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर अपना ब्रांड रूटेड पीपुल लॉन्च करने का फैसला किया। चूंकि मेरा ब्रांड स्वादिष्ट मसालों से संबंधित है, ऐसे में सही दर्शकों तक पहुंचना बहुत ही जरूरी था।

अक्टूबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.30 लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना की दूसरी लहर के बाद अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने के साथ ही जीएसटी राजस्व संग्रह में तेजी का रूख बना हुआ है। इस वर्ष अक्टूबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 130127 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। जुलाई 2017 में इस अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था के लागू होने के बाद अक्टूबर में संग्रहित जीएसटी राजस्व इस वर्ष अप्रैल के संग्रहित 1.40 लाख करोड़ रुपये के राजस्व के बाद दूसरा सबसे अधिक मासिक राजस्व है। इस वर्ष सितंबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.17 लाख करोड़ रुपये रहा था। अक्टूबर 2021 में संग्रहित राशि पिछले वर्ष इसी महीने में संग्रहित राजस्व से 24 फीसदी अधिक है।

कोरोना की दूसरी लहर की वजह से लगाये गये कठोर लॉकडाउन के कारण इस वर्ष जून में जीएसटी राजस्व संग्रह एक लाख करोड़ रुपये से कम रहा था। इससे पहले लगातार नौ महीनों तक यह एक लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था। अब फिर जुलाई, अगस्त और सितंबर में यह एक लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। इस वर्ष अक्टूबर में कुल जीएसटी राजस्व संग्रह 130127 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सीजीएसटी 23861 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 30421 करोड़ रुपये , आईजीएसटी 67361 करोड़ रुपये और क्षतिपूर्ति उपकर 8484 करोड़ रुपये रहा है।

10 हजार से कम के टॉप 10 स्मार्टफोन जिन्हें आप इस दिवाली एयरटेल कैशबैक ऑफर के साथ खरीद सकते हैं

नई दिल्ली। दिवाली बस नजदीक है और अपने प्रियजनों को विशेष महसूस कराने का यह सबसे अच्छा समय है। इस साल भारी बिक्री के साथ, स्मार्टफोन के साथ उन्हें सरप्राइज करें क्योंकि यह एक अविस्मरणीय दिवाली उपहार हो सकता है। एयरटेल उन ग्राहकों को 6,000 रुपये का आकर्षक कैशबैक दे रहा है जो प्रमुख ब्रांडों से 12,000 रुपये (लगभग) तक की कीमत वाला नया स्मार्टफोन खरीदते हैं। सिर्फ कैशबैक ही नहीं, इस प्रोग्राम का हिस्सा बनने वाले ग्राहकोंके 150 स्मार्टफोन की एक बार स्क्रीन टूटने पर 'सर्विफाई' द्वारा उसे मुफ्त स्क्रीनरिप्लेसमेंट की भी सुविधा मिलेगी। विस्तृत जानकारी के लिए इस https://www.airtel.in/yg-upgrade लिंक पर क्लिक करें।

1. सैमसंग गैलेक्सी F02s

वर्तमान मूल्य: 9449 रुपये

एयरटेल कैशबैक ऑफर के तहत प्रभावी मूल्य: 3449 रुपये

सैमसंग गैलेक्सी स्न02ह्य मोबाइल 5 अप्रैल 2021 को लॉन्च किया गया था। यह 6.50 इंच के टचस्क्रीन डिस्प्ले के साथ आता है जिसका रिज़ॉल्यूशन 720×1600 पिक्सल और आस्पेक्ट रेशियो 20:9 है। यह ऑक्टा-कोर क्वालकॉम स्नैप ड्रैगन450 प्रोसेसर द्वारा संचालित है और 3जीबी रैम के साथ आता है। सैमसंग गैलेक्सी F02s Android 10 बेस्ड है और यह 5000mAh की बैटरी द्वारा संचालित है।

2. ओप्पो ए15

वर्तमान मूल्य: 10990 रुपये

एयरटेल कैशबैकऑफर के तहत प्रभावी मूल्य: 4990 रुपये ओप्पो15 मोबाइल को 15अक्टूबर2020 को लॉन्च किया गया था।

ऊबर ने ड्राईवर कल्याण कार्यक्रमों के लिए 100 करोड़ का दिया योगदान

नई दिल्ली (वार्ता)। ऐप आधारित टैक्सी सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी ऊबर ने ड्राईवर पार्टनरों एवं उनके परिवारों को कोविड-19 के प्रभाव से बचाने में मदद करने के लिए लगभग 100 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। ऊबर ने आज यहां जारी बयान में कहा कि मोटो, ऑटो, एवं कैब के ड्राईवर पार्टनरों को ऊबर केयर ड्राईवर फंड, कोविड के लिए वित्तीय सहायता, टीका लगवाने के लिए ड्राईवरों को मुआवज़ा, सुरक्षा किट का वितरण, निशुल्क ऑनलाईन डॉक्टर कंसल्टेशन एवं माईक्रोलोन जैसे लाभ दिए हैं। ऊबर इंडिया दक्षिण एशिया के अध्यक्ष प्रभजीत सिंह ने कहा, ''ऊबर में हमारा विश्वास है कि हमारी जिम्मेदारी ड्राईवरों को एक प्लेटफॉर्म देने के साथ खत्म नहीं हो जाती। हमने हजारों ड्राईवर पार्टनरों का समुदाय बनाया है, और हम उनके जीवन को समृद्ध बनाने के लिए निरंतर उनके साथ मिलकर काम करते हैं।

इंटीग्रा टेलीकम्युनिकेशन एंड सॉफ्टवेयर कंपनी एक स्पोर्ट्स सॉफ्टवेयर लॉन्च करने जा रही है

मुम्बई। इंटीग्रा टेलीकम्युनिकेशन एंड सॉफ्टवेयर लिमिटेड, (इंटेलसॉफ्ट) एक आईटी सॉल्युशन उपलब्ध करवाने वाली कंपनी है, जो भारतीय व्यवसायों के लिए डेस्कटॉप, डेटा सिक्योरिटी और हेल्प-डेस्क सपोर्ट, सर्वर, बैकअप, नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेशन, आदि के माध्यम से आईटी सेवाओं की एक पूरी रेंज प्रदान करती है। कंपनी ने बीएसई को सूचित किया है कि वह एक स्पोर्ट्स सॉफ्टवेयर 'क्रिकेट फैंटेसी' विकसित करने की प्रक्रिया में है, जिसे मार्च 2022 में लॉन्च किया जाएगा। इस संबंध में अंतिम निर्णय अगली बोर्ड बैठक में किया जाएगा। शुरुआत में बीटा वर्ज़न लॉन्च किया जाएगा। इसका मूल्यांकन 2022 की पहली तिमाही में नज़र आने की उम्मीद है। कंपनी को इस उत्पाद में ज्यादा मुनाफा होने के कारण इसके एक गेमचेंजर होने की उम्मीद है। यह स्मॉल कैप कंपनी नाज़ारा जैसी बड़ी कंपनियों के साथ सीधे प्रतिस्पर्धा करेगी, जिनकी मार्केट कैप 8000 करोड़ रुपये है।

इंटेलसॉफ्ट भी डेवलपमेंट और मार्केटिंग के लिए 50 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है।

इससे पहले, कंपनी ने विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) से निवेश प्राप्त करने और कंपनी के उत्पाद सॉफ्टवेयर के अपग्रडेशन के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

मारुति की वाहनों की कुल बिक्री 24.18 प्रतिशत घटी

नई दिल्ली (वार्ता)। यात्री कार बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के वाहनों की कुल बिक्री इस वर्ष अक्टूबर में पिछले वर्ष की समान अवधि के 182448 इकाई के मुकाबले 24.18 प्रतिशत कम होकर 138335 इकाई रह गई है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि अक्टूबर 2021 में घरेलू बाजार में 117013 वाहन बेचे गये, जो अक्टूबर 2020 के 172862 इकाई के मुकाबले 32.31 प्रतिशत कम है। हालांकि इस दौरान कंपनी के वाहनों का निर्यात 9586 से बढ़कर 21322 इकाई हो गया है। इस तरह आलोच्य अवधि में कंपनी के वाहनों की कुल बिक्री 182448 इकाई की तुलना में 24.18 प्रतिशत गिरकर 138335 इकाई रह गई है। आलोच्य अवधि में मिनी सेगमेंट के कारों की बिक्री 28462 से कम होकर 21831, कॉम्पैक्ट सेंगमेंट की 95067 से घटकर 48690 तथा मिड साइज कारों की बिक्री 1422 से कम होकर 1069 इकाई रह गई है।

खेल

इंग्लैंड से शनिवार को खेलना है, जीतने के बाद अंतिम चार की दावेदारी पक्की

सेमीफाइनल के लिए दावेदारी पक्की करने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

अबु धाबी (वार्ता)। दक्षिण अफ्रीका की टीम बंगलादेश के खिलाफ मंगलवार को होने वाले आईसीसी टी 20 विश्व कप के ग्रुप एक मुकाबले में सेमीफाइनल के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने के इरादे के साथ उतरेगी।

दक्षिण अफ्रीका ने अब तक तीन मैचों में से दो जीते हैं और सिर्फ एक हारा है जबकि बंगलादेश की टीम अपने तीनों मुकाबले गंवाकर सेमीफाइनल की होड़ से बाहर हो चुकी है इस मुकाबले को जीतने के बाद भी हालांकि दक्षिण अफ्रीका के लिए अंतिम चार का स्थान पक्का नहीं हो पायेगा। दक्षिण अफ्रीका को अपना आखिरी मुकाबला ग्रुप टॉपर इंग्लैंड से शनिवार को खेलना है और उसे जीतने के बाद ही दक्षिण अफ्रीका की अंतिम चार की दावेदारी पक्की हो पाएगी।

दूसरी तरफ बंगलादेश अपने तीनों मुकाबले हारकर सेमीफाइनल की होड़ से बाहर हो चुका है। अब बंगलादेश दूसरी टीमों का खेल ही खराब कर सकता है। बंगलादेश का आखिरी ग्रुप मैच गुरूवार को ऑस्ट्रेलिया से होना है। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका अपने बल्लेबाजों और गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। साउथ अफ्रीका ने अब तक दो मैच जीते है जबकि एक में उसे हार का सामना करना पड़ा है। साथ ही उन्हें इस ग्रुप की टॉप टीम इंग्लैंड के ख़िलाफ़ एक मैच खेलना है। अगर वे बंगलादेश को हराने के बाद इंग्लैंड से हारते है तो उन्हें अन्य मैचों के परिणामों पर निर्भर करना होगा क्योंकि आठ अंकों पर पहुंचकर इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया उनसे आगे निकल सकते है। चार जीत के साथ भी बात नेट रन रेट पर आ सकती है अगर ऑस्ट्रेलिया अपने बचे हुए दो मुक़ाबले जीतता है और इंग्लैंड श्रीलंका को हराने में क़ामयाब होता है।

हमने बल्ले या गेंद के साथ बहादुरी नहीं दिखाई : विराट कोहली

दुबई (वार्ता)। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने न्यूज़ीलैंड के हाथों टी 20 विश्व कप में रविवार को मिली आठ विकेट की करारी पराजय के बाद कहा कि आज बहुत अजीब दिन था। हमने हिचकिचाहट के साथ बल्लेबाज़ी की।

विराट ने मैच के बाद कहा,'मुझे लगा हमने बल्ले या गेंद के साथ बहादुरी नहीं दिखाई। न्यूज़ीलैंड ने पहले ही ओवर से हमपर दबाव बनाया। हम जब भी आक्रमण करने गए तब हमने विकेट गंवाए। जब आप भारत के लिए खेलते हैं तब प्रशंसकों की उम्मीदें हम पर होती है। जो भी भारत के लिए खेलता है उसे उन उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए खेलना पड़ता है। आने वाले मैचों में हम सकारात्मक खेल दिखाए। हमें खुद पर भरोसा करना होगा और आने वाले मैचों में बेहतर प्रदर्शन करने पर ध्यान देना होगा।'

भारत की उम्मीदों का दारोमदार न्यूजीलैंड-अफगानिस्तान मैच पर

दुबई (वार्ता)। भारत के ख़िलाफ़ एक दमदार जीत ने न्यूज़ीलैंड को ग्रुप 2 से सेमीफ़ाइनल में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बनने के लिए बेहतर स्थिति में ला खड़ा किया है। उनके आने वाले मैचों को ध्यान में रखते हुए, पाकिस्तान के शीर्ष स्थान पर बने रहने की संभावना है। न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ हार के अंतर का मतलब यह भी है कि भारत के नेट रन रेट में गिरावट आई है जिसके चलते अब सेमीफ़ाइनल का उनका रास्ता अन्य टीमों के परिणाम पर निर्भर हैं। न्यूज़ीलैंडः 14.3 ओवरों में भारत द्वारा दिए गए लक्ष्य का पीछा करने के बाद न्यूज़ीलैंड का नेट रन रेट बढ़कर 0.765 पर जा पहुंचा है। अगर वह बचे हुए अपने सभी मैचों में जीत दर्ज करता है तो वह सेमीफ़ाइनल में प्रवेश करेगा। अफ़ग़ानिस्तानः अफ़ग़ानिस्तान ने नामीबिया और स्कॉटलैंड के ख़िलाफ़ बढ़िया प्रदर्शन करते हुए अपने मैचों का भरपूर लाभ उठाया। यही वजह है कि उनका नेट रन रेट 3.097 पर जा पहुंचा है। अगर वे भारत से हार जाते हैं और न्यूज़ीलैंड को हरा देते हैं, तो बात रन रेट पर आ जाएगी। भारतः भारत के पास न्यूज़ीलैंड के खिलाफ बड़ी हार के बावजूद अब एक ही मौक़ा बचा हुआ है जहां उसे अपने शेष तीनों मैच में जीत हासिल करनी होगी। साथ ही साथ उसे उम्मीद करनी होगी कि अफ़ग़ानिस्तान और न्यूज़ीलैंड कम से कम एक मैच हार जाए। अगर ऐसा होता है तो बात नेट रन रेट पर आ जाएगी।

कलेक्टर के निर्देश के बाद शासकीय जिला चिकित्सालय में सुविधाओं में की गई बढ़ोत्तरी

- जिला चिकित्सालय में ईलाज तथा व्यवस्था की मरीजों ने की प्रशंसा
- प्रसूति वार्ड में ईलाज, भोजन, साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्था की मरीजों ने की तारीफ
- वेटिंग चेयर लगाए गए तथा कम्प्यूटर से मरीजों को दी जा रही ओपीडी पर्ची

राजनांदगांव (नवप्रदेश)। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश के बाद बसंतपुर स्थित शासकीय जिला चिकित्सालय में सुविधाओं की बढ़ोत्तरी की गई। कलेक्टर ने मरीजों के बैठने के लिए वेटिंग चेयर लगाने तथा कम्प्यूटर से मरीजों को ओपीडी पर्ची देने के निर्देश दिए थे। इसके बाद यहां स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ी है तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है। मरीजों के बैठने के लिए वेटिंग चेयर लगाए गए हैं।

सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. बीके गुप्ता से ईलाज कराने आए चंद्रकांत तिवारी ने बताया कि उन्हें स्वास्थ्य की परेशानी थी तथा उनके पिता संतोष तिवारी के हाईड्रोसील का ऑपरेशन जिला चिकित्सालय से हुआ और वे स्वस्थ हैं। उन्होंने कहा कि शासकीय जिला चिकित्सालय में बहुत अच्छा ईलाज हो रहा है और स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ी हैं। श्रीमती ऋतु अग्रवाल ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। उन्होंने शुगर एवं बीपी टेस्ट कराया। उन्होंने

बताया कि यहां किसी तरह की परेशानी नहीं हुई और आसानी से ईलाज उपलब्ध हुआ। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश सदानी मरीजों का ईलाज कर रहे थे। मरीजों ने बताया कि यहां ईलाज की अच्छी व्यवस्था है। प्रसूति वार्ड में श्रीमती ऋतु माकण्डेय ने बताया कि वे खैरागढ़ से यहां आई हैं और पिछले दो दिनों से अस्पताल में है। यहां का ईलाज और भोजन तथा अन्य व्यवस्था बढ़िया है। पार्वती, परमत सिन्हा, प्रीति श्रीवास सभी ने प्रसूति वार्ड में ईलाज तथा अन्य सभी व्यवस्था की प्रशंसा की। मां बम्लेश्वरी स्वसहायता समूह द्वारा जिला चिकित्सालय में भोजन में दाल, चावल तथा दो तरह की सब्जी, रोटी, सलाद मेनू के अनुसार मरीजों को दिया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने बताया कि शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री के नये भवन में शिफ्ट होने के बाद की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए शासकीय जिला चिकित्सालय में जनसामान्य को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। बहुत से जरूरी उपकरण मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री चले गए हैं। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के व्यवस्थित संचालन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। जिला चिकित्सालय में स्टाफ, उपकरणों की पूर्ति तथा अन्य व्यवस्था लगातार की जा रही है। आवश्यक सामग्री फ र्नीचर, कम्प्यूटर का क्रय किया जा रहा है।

कृषि विज्ञान केन्द्र ढोलिया में एक दिवसीय शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान के निर्देशन एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रंजीत सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में शनिवार को कृषि विज्ञान केन्द्र ढोलिया बेमेतरा में सहकारी शक्कर कारखाना के गन्ना कृषकों के लिए सूचना, शिक्षा और प्रसार के विषय पर एक दिवसीय शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर ने उपस्थित गन्ना उत्पादक कृषकों को उन्नत तकनीकी प्रबंधन से अच्छे गुणवत्ता वाले गन्ना उत्पादन कर अधिक आय प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही उन्होने जानकारी दिया कि जिला बेमेतरा में गन्ना उत्पादक कृषकों की आर्थिक उन्नति हेतु जिले में नवीन शक्कर कारखाना स्थापित करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। उप संचालक कृषि एमडी मानकर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूप रेखा के बारे में परिचय देते हुए जिले में गन्ना उत्पादन के संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया डॉ. केपी वर्मा ने किया एवं उन्होंने गन्ना खेत की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए खेत में जैविक खाद एवं लाभदायक सूक्ष्म जीव के महत्व के बारे में जानकारी दी। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में डॉ. ओमनारायण वर्मा वैज्ञानिक कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कवर्धा उपस्थित थे। उन्होंने कृषकों को गन्ना उत्पादन की वैज्ञानिक खेती के बारे में जानकारी देते हुए गन्ना उत्पादक कृषकों के गन्ना उत्पादन से संबंधित प्रश्नों का उत्तर भी दिया। इस कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिक तोषण ठाकुर, डॉ. एकता ताम्रकार, डॉ. जितेन्द्र जोशी, डॉ. हेमन्त साहू एवं कृषि विभाग के डॉ. श्याम लाल साहू के साथ जिले के 30 से अधिक गन्ना उत्पादक कृषक उपस्थित थे।

12 पदों पर संविदा शिक्षकों की होगी भर्ती, 11 तक आवेदन आमंत्रित

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवागढ़ के लिए व्याख्याता अंग्रेजी, अंग्रेजी माध्यम अनुसूचित जनजाति 1 पद, व्याख्याता वाणिज्य अंग्रेजी माध्यम अनुसूचित जनजाति 1 पद, व्याख्याता सामाजिक विज्ञान अंग्रेजी माध्यम अनारक्षित 1 पद, सहायक शिक्षक कला अंग्रेजी माध्यम अनुसूचित जनजाति 1 पद, सहायक शिक्षक विज्ञान अंग्रेजी माध्यम अनुसूचित जनजाति 1 पद, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला अंग्रेजी माध्यम अनारक्षित 1 पद, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेरला हेतु सहायक शिक्षक कला अंग्रेजी माध्यम अनुसूचित जनजाति 1 पद, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय देवकर हेतु व्याख्याता वाणिज्य अंग्रेजी माध्यम अनुसूचित जनजाति 1 पद एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेमेतरा हेतु शिक्षक हिन्दी/संस्कृत हिन्दी माध्यम, अनारक्षित 1 पद, शिक्षक गणित अंग्रेजी माध्यम, अनारक्षित 1 पद, सहायक शिक्षक कला अंग्रेजी माध्यम अनुसूचित जनजाति 1 पद, सहायक शिक्षक विज्ञान अंग्रेजी माध्यम अनुसूचित जनजाति 1 पद कुल 12 पदों पर संविदा नियुक्ति/प्रतिनियुक्ति से शिक्षक भर्ती किये जाने हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। उपरोक्त पदों में संविदा/प्रतिनियुक्ति भर्ती हेतु विज्ञापन जिला बेमेतरा के शासकीय वेब-साईट एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेमेतरा के सूचना पटल पर देखा जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा ने जानकारी दी है कि स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा में जमा करने की अंतिम तिथि 11 नवम्बर 2021 सायं 5 बजे तक निर्धारित किया गया है।

छात्रों को शार्ट फिल्म के माध्यम से दी गई कानूनी जानकारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा दो चरणों में पैन इंडिया अवेयरनेस आउटरीच अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के पदेन अध्यक्ष जिला न्यायाधीश जयदीप विजय निमोणकर के दिशा-निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की सचिव/व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 जसविंदर कौर अजमानी मलिक द्वारा जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के संयोजन से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर शार्ट फिल्म ''नागालिग अंडर 18'' एक कहानी नसीहत भरी के माध्यम से उपस्थित छात्रों को विभिन्न उपयोगी कानून की जानकारी प्रदान की गई। उक्त शिविर के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकारण की सचिव ने

उपस्थित छात्रों को बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, सायबर क्राइम एवं संविधान के मूलभूत कर्तव्य की रूचिकर जानकारी प्रदान किया गया। उक्त शिविर में जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव एवं विधिक सहपरिवीक्षा अधिकारी सुश्री यीश्वरी वाल्दे ने छात्राओं को लैंगिक अपराधों, चाइल्ड ट्रैफिकिंग अपहरण, बाल श्रम, बाल विवाह अधिनियम सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, सायबर क्राइम के संबंध में जानकारी दी।

प्राधिकरण की सचिव मलिक ने मोबाईल, व्हाटसअप, फेसबुक के माध्यम से होने वाले अपराध, नाबालिग रहने के दौरान अपराधिक गतिविधियों में न रहकर अपने भविष्य की सुरक्षा करने और सायबर क्राइम के बारे में जानकारी दी छात्राओं द्वारा पूछे गये प्रश्नो का उत्तर देकर उन्हें भविष्य कानून के संबंध में जानकारी रखने हेतु प्रोत्साहित किया। शिविर में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा के प्राचार्य बीपी सिंह एवं योगेंद्र वर्मा सहायक शिक्षक ने अतिथिओं का आभार व्यक्त किया।

मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता संपन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में दिवाली के पावन पर्व के पूर्व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने रंगोली के सुंदर सुंदर रंगों से रंगोलियां बनाकर भारतीय संस्कृति के विविध रंगों को प्रस्तुत किया। यह प्रतियोगिता दो ग्रुप में विभाजित की गई थी जिसमें कक्षा तीसरी से पांचवीं का एक और कक्षा छठी से आठवीं का एक ग्रुप बनाया गया था। इसमें प्रथम ग्रुप कक्षा तीसरी से पांचवीं में प्रथम स्थान समृद्धि कार्या कक्षा चौथी सी ने राष्ट्रीय पक्षी मयूर के सौंदर्य को बड़े मनमोहक रंगों से सजाया। दूसरे स्थान पर रही कक्षा चौथी से ही अन्नु पाल ने प्रकृति की सुंदरता को फूल की रंगोली को सुंदर रंगों से रंगा, तीसरे स्थान के लिए वालिया साहू कक्षा तीसरी डी ने मोर की सुंदरता का प्रस्तुतीकरण किया। सांत्वना पुरस्कार भाविका

वैष्णव कक्षा 5वीं के द्वारा बनाए गए बच्चों के चहेते कार्टून और रोशनी साहू कक्षा पांचवीं सी के द्वारा बनाई गई प्रथम पूजनीय गणेश जी की रंगोली को मिला। दूसरे ग्रुप कक्षा छठी से आठवीं में प्रथम स्थान हंसिका साहू कक्षा आठवीं बी ने मनमोहक फूल की सुंदरता को उकेरा, वहीं द्वितीय स्थान पर रही दामिनी साहू कक्षा सातवीं बी ने छत्तीसगढ़ी आदिवासी संस्कृति के प्रतीक चिन्ह को प्रदर्शित किया। तृतीय स्थान 3 विद्यार्थियों को मिला। जिसमें कक्षा चौथी सी से खनक दास ने छत्तीसगढ़ के वाद्ययंत्र की रंगोली बनाई, प्रतीक्षा जाधव छठवीं बी ने आदिवासी महिला, भीगी पटेल कक्षा सातवीं बी ने श्री कृष्ण की प्रतिमा को रंगोली के माध्यम से उकेरा। सांत्वना पुरस्कार कक्षा सातवीं बी से दीक्षा वर्मा द्वारा बनाई गई संस्कार रंगोली एवं सुमन साहू द्वारा बनाई गई भगवान गणेश जी की सुंदर रंगोली को मिला। सभी विद्यार्थियों ने सुंदर रंगों के समायोजन से बहुत ही आकर्षक एवं प्रेरक रंगोलियां बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। मॉडर्न स्कूल की प्राचार्या एवं विद्यालय परिवार ने बच्चों के मनमोहक रंगोली को सराहा और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

किसान पखवाड़ा का आयोजन बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा किया गया

खरोरा/नवप्रदेश। बैंक ऑफ बड़ौदा खरोरा द्वारा ग्राम कनकी में किसान पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस किसान पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य आर्थिक विकास में कृषक समुदाय के योगदान के प्रति आभार प्रकट करना और उनका सम्मान करना साथ ही किसानो के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ाना और बेहतर उत्पादकता के लिए आधुनिक तकनीक और सर्वोत्तम कार्य प्रणाली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा सुवा नृत्य की प्रस्तुति साथ ही बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गईं। उसके बाद नुक्कड़-नाटक मंडली द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बैंको में संचालित विभिन्न उत्पादों की जानकारी दी गयी। जिसमें प्रमुख रूप से कृषि ऋण, वाहन ऋण, गृह ऋण, विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी और साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंसन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना की जानकारी दी गयी। इस किसान पखवाड़ा में बैंक द्वारा कृषि ऋण, तत्काल कृषि ऋण, वाहन ऋण के माध्यम से 35 किसानों को 47 लाख 12 हजार का ऋण वितरित किया गया। इस किसान पखवाड़ा में विभिन्न शिविर लगाया गया जिसमें महिला समूहों द्वारा गोबर खाद शिविर, धान की बालियों से विभिन्न कलाकृति शिविर, पशु चिकित्सा शिविर, वाहन शिविर, बैंक द्ववारा बैंक से संबंधित शिविर लगाया गया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

एबीसी में रंगोली एवं दीया मेकिंग प्रतियोगिता

खरोरा/नवप्रदेश। दीपावली के उपलक्ष्य में एबीसी पब्लिक स्कूल में रंगोली एवं दीया मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने विभिन्न थीम पर

रंगोली बनाकर एवं दीए सजाकर खुशी एवं समृद्धि का मैसेज दिया। ऑनलाइन और ऑफ लाइन दोनों पर बच्चों ने बढ़चढ़ कर सभी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। क्लास नर्सरी से पीपी 2 तक के बच्चों ने फैंसी ड्रेस, क्लास पहली से आठवीं तक बच्चों ने रंगोली और दीया मैकिंग, हाई स्कूल के बच्चों द्वारा ग्रीटिंग व पपेट मैकिंग कर अदभुत प्रदर्शन किया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम, माता सीता एवं माता लक्ष्मी के साथ ही बच्चों ने अयोध्या मंदिर और राष्ट्रीय पक्षी मोर को रंगोली से सजाकर अपने भावनाओं को रंगों के माध्यम से सजीव चित्रण करने का सार्थक प्रदर्शन किया। लॉकडाउन के बाद पहली बार विद्यालय में आयोजित एक्टिविटीज से बच्चे बहुत ही उत्साहित और जोश से भरे नजर आए। प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में चहल वर्मा, पहल वर्मा, दिशा वर्मा, खुश्मिता, डिंपल, जिज्ञानश सिंह, मिशिका, वंदना, पल्लवी, आकृति ओगरे साक्षी, एसानी ओगरे, हेमशिखा देवांगन, आदित्य नायक, माही पांडेय, रोशन, जागृति, खुश्मिता, विमी, निधि शर्मा, लावण्या वर्मा, हरषु गायकवाड़, रितिका धीवर, अदिति नायक, निहारिका चंद्राकर, सुप्रिया, भावेश निषाद, रश्मि यादव, हिना देवांगन और मोनिका तुमरेटि रही।

राज्योत्सव को कांग्रेसीकरण करने का आरोप, भाजपाईयों में आक्रोश

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा ने राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य उत्सव कार्यक्रम के कांग्रेसीकरण किए जाने को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। भाजपा ने कहा कि राज्य निर्माण का उत्सव छत्तीसगढ़ की आम जनता का है और हर वर्ग के लिए है। शासन के आदेश के तहत अन्य जिलों की तर्ज पर गरियाबंद जिले में भी एक नवंबर को राज्योत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अधिकांश जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं किया गया है। भाजपा जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके ने इसे लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए कह कि कांग्रेस और क्षेत्रीय विधायक जिले के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा कर रहे हैं। इनके इशारे में जिला प्रशासन द्वारा भी जनप्रतिनिधियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। कार्यक्रम केवल राजिम विधानसभा तक सीमीत नजर आ रहा है। पहली बार देखा जा रहा है, राज्योत्सव के कार्यक्रम में भी कांग्रेस राजनीति कर रही है। जिला प्रशासन भी कांग्रेस के एक जनप्रतिनिधि को खुश करने लगा है। जो आमंत्रण कार्ड को देखकर ही स्पष्ट हो गया है। भाजपा

नेताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण का पूरा श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है। उनके नेतृत्व का अनुसरण करते हुए भाजपा ने कभी शासकीय कार्यक्रमों में भेदभाव की नीति नहीं अपनाई, सभी को सम्मान दिया। 15 साल के भाजपा शासनकाल में भी अनेक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, लेकिन कभी भी चुने हुए जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा नहीं की गई, परंतु कांग्रेस ने सत्ता में आते ही शासकीय कार्यक्रमों का कांग्रेसीकरण शुरू कर दिया है, जिसके फ लस्वरूप जनप्रतिनिधियों में नाराजगी व्याप्त है। जबकि जिले में अनेक जनप्रतिनिधि हैं, जिन्हें शासकीय नियमों के तहत आमंत्रित किया जाना था, इसे दरकिनार करते हुए राज्य शासन के आदेश के तहत जिला प्रशासन ने चुने हुए जनप्रतिनिधियों को अतिथि नहीं बनाया है। भाजपा नेताओं ने अन्य जनप्रतिनिधियों को अतिथि नहीं बनाए जाने पर आपत्ति करते हुए कहा है कि कांग्रेस सत्ता में मदमस्त है, जिसके परिणाम स्वरूप चुने हुए जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की जा रही है। शासन के इशारे में प्रशासन इस तरह से सरकारी कार्यक्रमों में भेदभाव ना करें, अन्यथा इसका जमकर विरोध किया जाएगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

राज्योत्सव पर सीएम ...

प्रथम किश्त की राशि 1525 करोड़ 97 लाख रूपए का भुगतान 21 मई 2021 को तथा द्वितीय किश्त की राशि 1522 करोड़ 03 लाख रूपए का भुगतान 20 अगस्त 2021 को किया जा चुका है। तीसरी किश्त के रूप में धान उत्पादक कृषकों को 1500 करोड़ रूपए का भुगतान एक नवम्बर 2021 को किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का सपना साकार हो रहा है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिए राज्य के किसानों को दी जा रही आदान सहायता के चलते खेती किसानी समृद्ध हुई है। राज्य में खेती-किसानी का रकबा और किसानों की संख्या में वृद्धि हुई है। खेती छोड़ चुके लोगों का भी रूझान खेती की ओर बढ़ा है। इसको देखते हुए राज्य सरकार द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के दायरे का विस्तार किया गया है। अब इस योजना में खरीफ की समस्त फसलों के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों को भी शामिल किया गया हैं। खरीफ फसलों और उद्यानिकी फसलों के उत्पादक कृषकों को भी अब आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री ग्राम स्वास्थ्य ...

एवं मोबाइल ऐप का प्रस्तुतीकरण सीएम भूपेश बघेल के समक्ष दिया गया। योजना की लोकप्रियता के कारण सिस्टम पर दबाव बढ़ते देख मोबाइल ऐप शुरुआत किये जाने की बात कही गई।

प्रस्तावित योजना के विस्तार के उपरांत 169 शहरों में इसका ऑपरेशन अब किया जाएगा। वहीं प्रतिमाह लगभग 2880 कैंप एवं 1 लाख 50 हजार नागरिकों को इसकी सेवा दी जाएगी। मोबाइल ऐप की सुविधा सभी प्रदेशवासियों को मिले इसकी पूरी व्यवस्था की गई है।

मोदी की रैली में ब्लास्ट ...

अनुरोध किया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद दोषियों को सजा सुनाई।

बता दें कि गांधी मैदान और पटना जंक्शन पर सीरियल बम ब्लास्ट 27 अक्टूबर 2013 को हुआ था। इस घटना में छह लोगों की मौत हो गई थी और 89 लोग घायल हुए थे। आठ साल बाद इस मामले में फैसला आया है। बुधवार को कोर्ट ने मुख्य छह आरोपित को देशद्रोह, आपराधिक साजिश, हत्या, हत्या का प्रयास, यूएपीए एक्ट की धारा में दोषी करार दिया था। अन्य तीन दोषी पाए गए। एक को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

बस के जरिए रांची से पटना पहुंचे

घटना को अंजाम देने के लिए आठ आतंकी सुबह में ही बस के जरिए रांची से पटना पहुंचे थे। अपनी योजना के अनुसार अलग-अलग होकर काम करने लगे। इस बीच पटना जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर दस के शौचालय में मानव बम बनते समय एक विस्फोट हो गया। इसमें एक आतंकी की मौत हो गई थी। पटना जंक्शन पर ब्लास्ट करते समय पकड़े गए मो. इम्तियाज से पूछताछ में रांची से तार जुड़े मिले। इसके बाद एनआईए ने रांची के हिंदपीढ़ी और सीठियो में छापेमारी की थी।

हैदर बना था रांची ...

पलामू से पकड़े गए थे। रिमांड पर लिए गए हैदर और मजबुल्ला से जब पूछताछ की गयी तो इन सबों ने बड़े खुलासे किए। इसके बाद ही एनआईए की टीम दोनों को लेकर रांची पहुंची। उसी की निशानदेही पर बम बरामद हुए और कर्बला इलाके में पड़े छापा में एक व्यक्ति के यहां से सर्किट मिला था।

मंत्रालय कर्मी ने स्वयं ...

अंशु उर्फ एहान भास्कर और 7 साल की बेटी परी उर्फअनीता भास्कर के सिर पर हथौड़ा मारकर उनकी हत्या कर दी। फिर झंकार ने सुसाइड नोट लिखकर खुद भी छठवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस जब मौके पर पहुंची तो, पाया की पत्नी जीवित है और तुरंत मेकेहारा अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल करवाया जहाँ उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

इस दर्दनाक मौत के पीछे ये बात आ रही है कि झंकार का दोस्त संतोष की मौत बीते माह हुई थी। पिछले महीने रायपुर के रेलवे स्टेशन में मंत्रालय के एक कर्मचारी संतोष कंवर की कार के अंदर लाश मिली थी। वह झंकार का ही सहकर्मी था। झंकार के साथ संतोष पिकनिक मनाने बिलासपुर गया हुआ था। जब यह लोग रायपुर लौटे तो संतोष ने अपनी कार को स्टेशन में पार्क की और वही आराम करने लगा, कुछ ही देर में संतोष की मौत हो गई थी। इस संबंध में रेलवे पुलिस लगातार झंकार और उसके कुछ साथियों को पूछताछ के लिए बुलाती थी।

सुसाइड नोट ने बताई ...

हूं। ऐसे में मजबूरी के चलते अपने बच्चों की भी हत्या करनी पड़ रही है, ताकि उन्हें आगे एक बुरी जिंदगी ना बितानी पड़े। इसके लिए माफी चाहता हूं मुझे माफकर दे।

कांग्रेस के आतंरिक ...

पार्टी के भीतर अब भी उठापटक चल रही है। टीएस सिंहदेव लम्बे समय से दिल्ली में धूनी रमाए हैं तो इधर, छत्तीसगढ़ में पार्टी आगामी चुनाव की तैयारियों को मूर्त रूप दे रही है। सदस्यता अभियान भी शुरू होने को है। इन सबके बीच आंतरिक अनुशासन का अभाव खतरे की घंटी बजा रहा है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में अनुशासनहीनता पार्टी का सिरदर्द बढ़ा रही है। हफ्तेभर के भीतर तीन ऐसी घटनाएं हुई हैं, जो कांग्रेस के आंतरिक अनुशासन की पोल खोलती है। हालांकि सन्नी अग्रवाल के जरिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कड़ा संदेश देने का प्रयास किया है, किन्तु दो अन्य घटनाओं पर कोई कार्यवाही नहीं करने को लेकर पार्टी के ही भीतर असंतोष उभरने लगा है। पिछले दिनों जशपुर में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष पवन अग्रवाल को बोलने से रोक दिया गया था। न केवल माइक छीना गया बल्कि उन्हें मंच से धक्के देकर उतार दिया गया। पवन अग्रवाल को स्वास्थ्यमंत्री टीएस सिंहदेव का समर्थक माना जाता है। सम्मेलन के दौरान अग्रवाल ने ढाई-ढाई साल वाले फार्मूले के लेकर सीएम भूपेश बघेल से सीट छोड़ने की मांग की थी। जाहिर है कि यह पार्टी फोरम का मामला था और सार्वजनिक तौर पर इसे उठाना जाना अनुशासनहीनता की परिधि में आता है। किन्तु उन पर अनुशासन की कार्रवाई करने के बजाए जिस तरह से बेइज्जत करने की कोशिश हुई, वह उससे भी बड़ी अनुशासनहीनता थी।

छात्र संगठन में वर्चस्व की लड़ाई

छात्र संगठन एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जमकर बवाल काटा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन की मौजूदगी में हुए इस हंगामे को बड़े परिवार की छोटी-मोटी नोंक-झोंक बता दिया गया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में दो गुटों के बीच हुए इस विवाद और मारपीट के घटनाक्रम का पटाक्षेप वरिष्ठ नेताओं के हस्तक्षेप के बाद हुआ। दरअसल, नीरज कुंदन के स्वागत के लिए प्रदेशभर के कार्यकर्ता कांग्रेस भवन में पहुंचे थे। कुंदन के पहुंचते ही उनके स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं में होड़ मच गई। इसी दौरान दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में उलझ पड़े। मामला इतना गरमाया कि गाली-गलौज और मारपीट की नौबत आ गई। कई लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, किन्तु उग्र भीड़ में सुनने वाला कोई नहीं था। करीब 45 मिनट तक चले इस विवाद का किसी तरह पटाक्षेप कराया गया। एनएसयूआई कांग्रेस का छात्र संगठन है और इसे राजनीति की पहली पाठशाला कहा जाता है। यहीं से पार्टी अनुशासन की बुनियाद पड़ती है। लेकिन इतने बड़े मामले को पार्टी के सीनियर नेताओं ने बहुत ज्यादा तवज्जो नहीं दी। आपस में उलझने वाले दोनों गुटों से न सवाल-जवाब हुए, न किसी तरह की अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। खुद एनएसयूआई के अध्यक्ष नीरज कुंदन ने इसे पारिवारिक मामला बता दिया।

सन्नी के निलंबन ...

अब अग्रवाल पर मंडल अध्यक्ष का पद छोड़ने का खतरा भी मंडराने लगा है। दरअसल, पीसीसी के अनुशासन नियम की धारा 6 के तहत जिस कार्यकर्ता को पार्टी से निलंबित किया जाता है, उसे सरकारी पद से भी इस्तीफा देना होता है। सन्नी अग्रवाल को निलंबित किए जाने को लेकर पार्टी के ही भीतर असंतोष के स्वर फूटने लगे हैं। अग्रवाल को प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी पीएल पुनिया का करीबी माना जाता है। इसके अलावा खनिज निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन और नान के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल के भी वे नजदीकी हैं। ऐसे में वरिष्ठ नेताओं में भी निलंबन की इस घटना की नाराजगी फूटने की आशंका जताई जा रही है। पार्टी के भीतर यह सवाल भी उठ रहे हैं कि अनुशासनहीनता की कार्रवाई करने में भेदभाव क्यों किया जा रहा है?

अभी एकजुटता ...

बड़ी चुनौती है। ऐसे में आवश्यक है कि पार्टी के तमाम धड़े अपने इगो को किनारे रखकर काम करें। 2018 में पार्टी को बड़ी जीत मिली तो इसकी वजह यही थी कि सबने मिलकर अपना 100 फीसद योगदान दिया था। किन्तु सत्ता में आने के बाद पार्टी के भीतर बढ़ती अनुशासनहीनता को भविष्य के लिए शुभ संकेत कतई नहीं माना जा सकता।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

सीएम बघेल ने रायपुर कालीबाड़ी चौक में इंदिरा गांधी के प्रतिमा स्थल के सौन्दर्यीकरण कार्य का किया लोकार्पण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर के कालीबाड़ी चौक में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने यहां स्थापित इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर गृह एवं लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू, महापौर एजाज ढेबर, विधायक धरसींवा अनिता योगेन्द्र शर्मा, निगम सभापति प्रमोद दुबे, कलेक्टर सौरभ कुमार सहित पार्षदगण और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

गौरतलब है कि राजधानी रायपुर के कालीबाड़ी चौक में स्थित इंदिरा गांधी के प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण कार्य रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा कराया गया है। इसके तहत यहां पर ग्रेनाइट, म्यूरल आर्ट से प्रतिमा स्थल को आकर्षक स्वरूप दिया गया है। थीमेटिक लाइट, स्टेचू शेड से इस प्रतिमा को भव्य स्वरूप दिया गया है।

यहां लगे 6 पिलर्स पूरी प्रतिमा को नया स्वरूप प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा इस चौक पर एक डेकोरेटिव बाउंड्रीवॉल और लैंडस्कैपिंग का कार्य भी इस प्रोजेक्ट के तहत किया गया है।

गौठानों के स्वालंबन के मामले में रायगढ़ अव्वल
सूबे के 2029 गौठान बने स्वावलंबी

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में से महत्वपूर्ण सुराजी गांव योजना के गरूवा घटक के तहत अब तक राज्य में निर्मित एवं सक्रिय रूप से संचालित 7714 गौठानों में से 2029 गौठान स्वावलंबी हो गए हैं।स्वावलंबी गौठान गोबर खरीदी से लेकर वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण के लिए स्वयं के पास उपलब्ध राशि का उपयोग करने लगे हैं। रायगढ़ जिले में सर्वाधिक 249 गौठान स्वावलंबी हुए है। दूसरे क्रम पर कबीरधाम जिला, जहां 141 गौठान तथा तीसरे क्रम पर महासमुन्द जिला है, जहां 131 गौठान स्वावलंबी हुए हैं। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले में 25, धमतरी में 66, बलौबाजार में 84 तथा रायपुर जिले में 75 कबीरधाम जिले में 141, दुर्ग में 86, बालोद में 67, बेमेतरा में 58, राजनांदगांव जिले में 101, कोरबा में 103, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 25 गौठान स्वावलंबी बन चुके हैं।जांजगीर-चांपा में 90, बिलासपुर में 76, मुंगेली में 60, रायगढ़ में 249, कोरिया में 73, जशपुर में 70, बलरामपुर में 55, सरगुजा में 65, सूरजपुर में 53, कांकेर में 105, कोण्डगांव में 21, दंतेवाड़ा में 35, नारायणपुर में 6, बस्तर में 35, बीजापुर में 22 तथा सुकमा जिले में 52 गौठान स्वावलंबी हैं।

प्रदेश के 10538 गांवों में गौठान

गौरतलब है कि राज्य में पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा अब तक 10538 गांवों में गौठान के निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है। जिसमें से 7714 गौठानों का निर्माण पूरा हो चुका है और वहां पर गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण सहित अन्य आयमूलक गतिविधियां संचालित हो रही है।वर्तमान में 2443 गौठानों का तेजी से निर्माण कराया जा रहा है शेष 381 गौठानों के निर्माण का कार्य अभी शुरू कराया जाना है। गौठानों में पशुधन के देखरेख, चारे-पानी एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

साक्षी और तेजस्वनी का जुडो में चयन

भाटापारा/नवप्रदेश। ओपन सब जूनियर एवं कैडेट जूडो चैंपियनशिप चंडीगढ़ में 7 से 13 नवंबर को आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता के लिए बलौदाबाजार जिला जूडो संघ के साक्षी चौहान पिता सुशील चौहान एवं तेजश्वीनी राठौर पिता पूनम लाल राठौर का चयन हुआ है। जिला जूडो संघ के सचिव पी सुरेश राव ने बताया कि दोनों खिलाड़ी छत्तीसगढ़ की टीम से प्रतिनिधित्व करेंगे।

छत्तीसगढ़ क्रांति सेना ने किया सम्मान

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ क्रांति सेना द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य गठन 1 नवंबर के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले समारोह का आयोजन इस वर्ष 31 अक्टूबर रविवार को संध्या 6 बजे संपन्न हुआ। इस अवसर पर कर्मा पंथी सुआ राउत नाचा व अखाड़ों नृत्य आदि का प्रदर्शन किया गया साथ ही भाटापारा के समस्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार का

अभिनंदन एवं छत्तीसगढ़िया समाज के प्रमुखों को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया। इसी कड़ी में स्वर्गीय श्याम लाल केशरवानी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे उनके परिवार की तरफ से मोहन केशरवानी अधिवक्ता का सम्मान किया गया। शाम को छत्तीसगढ़ महतारी की आरती कर छत्तीसगढ़ व्यंजनों का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम लोक उत्सव मैदान के पास महतारीचौक भाटापारा में सम्पन्न हुआ।

डाटा ऑपरेटर संघ की बैठक संपन्न, नई कार्यकारिणी घोषित

कवर्धा/नवप्रदेश। रविवार को छत्तीसगढ़ शासकीय कम्प्यूटर डाटा एंट्री आपरेटर के निर्देशानुसार जिला कबीरधाम अंतर्गत विभिन्न विभागों में कार्यरत डाटा एंट्री आपरेटर संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नई जिला कार्यकारणी कबीरधाम का गठन किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पाण्डेय, सचिव चम्पा लाल ढाले, सह सचिव रविप्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष संजय डोंगरे, जिला प्रवक्ता रमेश कुमार महोबिया, जिला सह प्रवक्ता कमल देवांगन, महिला प्रकोष्ठ पल्लवी केशरवानी को नियुक्त किया गया। जबकि जिला कार्यकारिणी सदस्यों में कुंदन साहू, संजय कुर्रे, रवि निर्मलकर, अजय साहू, रोहित कुमार चंद्रवंशी, मुकेश बंजारे एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य होंगे जिसे सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है। बैठक में सर्व सम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया है कि प्रतिमाह प्रथम रविवार को बैठक किया जाना है। मासिक 100 सभी कोषाध्यक्ष के जमा किया जाना है। पदनाम को तकनीकी प्रबन्धन या सूचना सहायक करने की मांग के लिए राज्य पदाधिकारियों को सूचना देना। सभी कर्मचारियों को प्रमोशन चैनल नहीं होने के कारण समयमान वेतन 4300 ग्रेड पे के समान दिए जाने की मांग राज्य पदाधिकारियों को सूचना देने का निर्णय लिया गया।

शिक्षक एलबी बिहारी दास का हुआ हमारे नायक में चयन

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा विभाग द्वारा संचालित हमारे नायक 18वां थीम के अनुसार कार्य करने वाले शिक्षकों का चयन किया जाएगा। इसके लिए राज्य शिक्षा विभाग से थीम निर्धारित किया गया है। हमारे परंपरा से निहित विज्ञान इसके अंतर्गत हमारे नायक परंपरा को वैज्ञानिक महत्व से जोड़ कर बताना है। इस थीम में बिहारी दास वैष्णव शिक्षक (एलबी) शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालक पिपरिया, संकुल-पिपरिया कवर्धा का चयन हमारे नायक में हुआ है। हमारे परंपरा में निहित विज्ञान के थीम में हमारे उन्नत और वैभवशाली परंपरा के अंग जैसे-शिखा बंधन, तिलक लगाने, हवन करने, पीतल के सिक्के पानी में डालने, तुलसी पौधे के महत्व और लाभदायक गुण को आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व बताया गया है। इनका ब्लॉग अनुमोदन कवर्धा जिले से ब्लॉग राइटर कृष्ण कुमार शर्मा द्वारा किया गया है। इस बार की थीम शिक्षक के लिए है। आप के अनुभव से ऐसे कुछ प्रकरण आए हो जिसमें आप स्वयं को अपने पूर्वजों द्वारा बनाई गई व्यवस्था को सोचकर गौरवशाली महसूस करें।

रमन से मिले राइस मिलर्स, बताई समस्याएं

दुर्ग। छग प्रदेश राइस मिलर एसो. का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष कैलाश रूंगटा एवं महासचिव प्रमोद अग्रवाल के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट कर उनसे चर्चा की। चर्चा में छग राज्य से 26 लाख मीट्रिक टन उसना चावल का सेंट्रल पुल हेतु उपार्जन किए जाने का निवेदन डॉ. रमन सिंह से किया। साथ ही प्रदेश की राइस मिलों की दशा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में होने वाले आर्थिक एवं राष्ट्रीय नुकसान का विस्तृत ब्यौरा भी उन्हें दिया।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रदेश में उत्पादित होने वाले धान का 60 प्रतिशत मात्रा उसना मीलिंग प्रकृति का होता है, जिसमें ब्रोकन 55 से 65 प्रतिशत तक होने से 67 प्रतिशत चावल प्राप्त नहीं किया जा सकता। अतः प्रदेश में 61.65 लाख मीट्रिक टन अरवा चावल का उपार्जन असंभव है। प्रदेश में कुल 40 लाख मीट्रिक टन धान अरवा प्रकृति का होता है। छत्तीसगढ़ राज्य में 500 उसना प्रकृति का होता है। इनमें चार हजार करोड़ का आर्थिक निवेश है, उसना की मिलिंग नहीं होने की दशा में उसना मीलें आर्थिक संकट में आ जाएगी।

इसी तरह 105 लाख मीट्रिक टन धान की अरवा मिलिंग यदि जबरदस्ती करवाई जाएगी तो प्रदेश की सभी अरवा मीलें भी दिवालिया होने की स्थिति में आ जाएगी। भा.खा.नि.छग के पास भी गोदाम एवं कर्मचारियों की कमी है। छ.ग. के पास भी गोदाम एवं कर्मचारियों की कमी है। छ.ग. से चावल को अन्य राज्यों में भेजने के लिए रैक भी बहुत सीमित मात्रा में ही मिल पाती है। चावल का तीव्र गति से मूवमेंट नहीं होने के कारण भी भा.खा.नि छ.ग. में 37.65 लाख टन अरवा चावल को 2 साल में ही ले पाएगा। पूरे धान का अरवा मिलिंग समय पर नहीं होने से लाखों टन धान भंडारण केन्द्रों में ही खराब हो जाएगा। जिससे हजारों करोड़ का आर्थिक एवं राष्ट्रीय नुकसान होगा। इन परिस्थितियों से बचने के लिए मिलर, कर्मचारी, श्रमिकों को बेरोजगारी से और चावल उद्योग को बैंक डिफॉल्ड से बचाने के लिए प्रदेश में 26 लाख मैट्रिक टन उसना चावल का उपार्जन अति आवश्यक है। राइस मिलरों की समस्या के समाधान में डॉ. रमन सिंह ने उचित पहल का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधि मंडल में मुरारी भूतड़ा, कांतिलाल बोथरा, विनीत जैन, मोहन अग्रवाल, रोशन चन्द्राकर, योगेश चन्द्राकर, दिलीप अग्रवाल, परमानंद जैन शामिल थे।

सरदार पटेल एवं स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई

खरोरा/नवप्रदेश। भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, स्काउट गाइड तथा आस्था इको क्लब के द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। गिरीश देवांगन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम द्वारा विद्यालय परिवार व उपस्थित जन समुदाय को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सौरभ मिश्रा, बलराम नशीने, मंडल दास गिलहरे, भरत कुंभकार, धनेश वर्मा, अम्बिका वर्मा, बालकिशन निर्मलकर, कमल वर्मा, संत नौरंगे, टामन वर्मा उपस्थित थे। हरीश देवांगन व शाहिना परवीन के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। पश्चात राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें अतिथियों के साथ समस्त स्वयं सेवी छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता दौड़ में सम्मिलित हुए। प्लास्टिक मुक्ति अभियान के तहत जनजागरूकता लाने कपड़े से बने थैले का वितरण किया गया तथा पॉलीथिन से दूर रहने समझाइश दी गई। नवीन प्राथमिक शाला के समीप साफ-सफाई की गई।

छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का मतदान शांति पूर्ण संपन्न

खरोरा/नवप्रदेश। छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का चुनाव खरोरा नगर ईकाई के मतदाताओं ने स्वामी विवेकानंद कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला खरोरा में स्थित मतदान केंद्रों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर केंद्रीय अध्यक्ष एवं तिल्दा राजप्रधान चुनाव हेतु शांति पूर्ण मतदान किया। शांति पूर्ण चुनाव संचालन के लिए तीन मतदान केंद्र 128, 129, 130 बनाया गया था। तीनों मतदान केंद्र में 589 मतदाता था जिसमें पुरूष 292 एवं महिला 297 थे। पुरूष मतदाता 174 एवं 169 कुल 343 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर मत दिया। मतदान का कुल प्रतिशत 58.81 रहा। चुनाव को शांति पूर्ण संपन्न कराने में क्षेत्र प्रधान नगर प्रमुख महेश वर्मा, सेक्टर प्रभारी संतोष वर्मा, संजय वर्मा, मतदान अधिकारी आशाराम वर्मा, रमेश वर्मा, प्रभाकर नायक, लक्ष्मण सिंह वर्मा, रमेश वर्मा, संजय बंछोर, चन्द्रभूषण धुरंधर, रतन वर्मा, आलोक बघेल, कैलाश बघेल, लखेश्वर वर्मा एवं नगर के कमल नारायण वर्मा, धनेश वर्मा, यशवंत वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, खरोरा थाना प्रभारी, आरक्षकगणों ने सहयोग प्रदान किया।

शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

कवर्धा/नवप्रदेश। दीपोत्सव पूर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने वा शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थाना कोतवाली से शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च भारत माता चौक शिवाजी चौक जयस्तंभ चौक- विध्यवासिनी चौक- कडरापारा तिराहा - नवीन बाजार चौक- ठाकुर देव चौक- दर्रीपारा- माहाराणा प्रताप चौक- ठाकुरपारा ऋषभ देव चौक- सराफा लाईन- शीतला मंदिर चौक - करपात्री चौक- यूनीयन चौक-रामजानकी मंदिर- बूढ़ा महादेव मंदिर- मठपारा शहीद कौशल चौक- राजमहल चौक- एकता चौक- जस स्तम्भ चौक, शिवाजी चौक होते हुए वापस कोतवाली पहुंची। शहर के विभिन्न स्थानों में कबीरधाम पुलिस के अधिकारी जवानों के द्वारा दल बल के साथ पैदल मार्च निकाल शहरवासियों को बेझिझक होकर त्यौहार मनाने कहकर यदि कोई भी असामाजिक तत्व या अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति शहर के किसी भी मोहल्ले में दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचना देने कहा गया साथ ही पुलिस टीम के दल बल को अपने घरों के सामने से जाता देख शहर वासियों के द्वारा ताली बजाकर पुलिस का उत्साह वर्धन भी किया गया।

स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर व स्टॉफ किया सम्मान

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिलें के बेरला ब्लाक के अंतर्गत आने वाले गुधेली में संचालित शासकीय नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर सहित समस्त स्टाफ का पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल ने शाल, श्रीफल एवं गिफ्ट देकर सम्मान किया। बता दे कि कोरोना वायरस संक्रमण के खिलाफ भारत ने अहम उपलब्धि हासिल की हैं। देश में कोरोना वैक्सीन की डोज का आंकड़ा 100 करोड़ के पार हो गया है। इसी के तहत गुधेली अस्पताल में चिकित्सकों सहित स्वास्थ्यकर्मियों का सम्मान कर उन्हें बधाई दी।

पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल ने कहा कि कोरोना काल में डॉक्टरों की अहम भूमिका रही है। गुधेली सेक्टर में 40 हजार वैक्सिनेशन हुआ है। यही कारण है कि डॉक्टरों को देवदूत के रूप में भी देखा जाता है और प्रदेश में गुधेली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रथम स्थान पर है डाक्टर सहित पुरे स्टाफ के द्वारा आज जिलें के अलावा प्रदेश, एवं केंद्र में नाम चल रहा है और कोरोना कॉल में भी बहुत अच्छे से ड्यूटी किये हैं।

2 वर्ष बाद लौटी रौनक चेंबर ने व्यापारियों को दी बधाई

रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि राजधानी रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में दीपावली त्यौहार में बाजारों में हो रहे करोड़ों के व्यापार पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने व्यापारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि दीपावली पर्व पर इस वर्ष बाजारों में ग्राहकों की संख्या में दिन प्रतिदिन वृद्धि होती जा रही है। विशेष बात यह रही कि बाजारों में मोटे तौर पर चीनी सामान नदारद है जिसका स्थान देशी सामान ने ले लिया है। वर्ष 2019 और 2020 की दिवाली व्यापारियों के लिहाज से बेहद फीकी रही लेकिन इस बार दिवाली त्यौहार से व्यापारियों की बड़ी उम्मीदें हैं।

श्री पारवानी ने कहा कि जिस

चेंबर ऑफ कॉमर्स के श्रीचंद बने अध्यक्ष, गोपाल शर्मा उपाध्यक्ष

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की भाटापारा इकाई का अध्यक्ष श्रीचंद छाबड़िया को बनाया गया है। वहीं बृज किशोर अग्रवाल पप्पी एवं मुकेश सोनी को कार्यकारी अध्यक्ष का कार्यभार दिया गया है। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि चेंबर के कार्य में सहयोग करने चेंबर को गतिशील बनाने के लिए चेंबर में पदाधिकारियों का विस्तार करते हुए भाटापारा इकाई का गठन किया गया है। जिसमें संरक्षक अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्यों का मनोनयन किया गया है। संरक्षक पद पर प्रहलादराय लछ्वानी एवं त्रिलोक सलूजा की नियुक्ति की गई है। महामंत्री प्रतापराय ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुरेश गोधवानी, उपाध्यक्ष पद पर गोपाल शर्मा, हरमिंदर सिंह चावला, नंदलाल गिदवानी, संतोष सिंघई, अजय गुप्ता जबकि सह सचिव पद पर रमेश श्रीमाली, यशवंत शाह, जगदीश लालवानी एवं मुफ्द्दल हुसैन को नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त अंशुल जैन, राजेश राठी, सुनील दुबे, सुरेश वर्मा, शंकर किंगरानी, अनिल गंगवानी, अब्दुल हमिद रजा, नितेश मूंधड़ा, सतीश ईदवानी, दिलीप मंधानी एवं पीयूष जैन को बनाया गया है। इसके अतिरिक्त जिला बलौदा बाजार भाटापारा हेतु प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नरेंद्र भूषणीया, रुपेश मखीजा, राधेश्याम शर्मा की नियुक्ति की गई है। जबकि प्रदेश मंत्री पद पर अजय मंधानी, मुकेश बालानी, शिव कुमार दम्मानी एवं संतोष अग्रवाल का मनोनयन किया गया है। सभी मनोनीत पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बधाई देते हुए सभी लोगों से यह उम्मीद की है कि सभी पदाधिकारी प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग के हित में कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर को एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे।

इंडियन बैंक Indian Bank — इलाहाबाद ALLAHABAD

सीसीएमसी शाखा, कचांदुर, दुर्ग (छ.ग.)
ईमेल- bhilai@indianbank.co.in

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं सरफेसी अधिनियम 2002 के सुरक्षा प्रवर्तन नियम, 2002 की नियमावली 86 के तहत अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना नोटिस यह आमतौर पर जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता और जमानतदारों को दिया जाता है की नीचे वर्णित अचल संपत्ति को गिरवी रखा/सुरक्षित लेनदार को प्रभारित किया गया है, जिस पर **इंडियन बैंक, सीसीएमसी शाखा, कचांदुर** के प्राधिकृत अधिकारी ने **भौतिक कब्जा** कर लिया गया है, **ऋणी- मेसर्स अर्श एजेंसीज, प्रोप. श्रीमती अंजुम हसन** पति- श्री नजम हुसैन, प्लॉट नं. 946, कारगिल चौक, वार्ड नं. 17, औद्योगिक क्षेत्र, छावनी बस्ती, भिलाई-490026.
जमानतदार- 1. श्री नजम हुसैन पिता- श्री अब्दुल हुसैन, प्लॉट नं. 946, कारगिल चौक, वार्ड नं. 17, औद्योगिक क्षेत्र, छावनी बस्ती, भिलाई-490026.
जमानतदार- 2. श्रीमती अंजुम हसन पति- श्री नजम हुसैन, प्लॉट नं. 946, कारगिल चौक, वार्ड नं. 17, औद्योगिक क्षेत्र, छावनी बस्ती, भिलाई-490026. से दिनांक **17.12.2019** से अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य शुल्कों के साथ- रु. **11,42,411.70/-** (रुपये ग्यारह लाख बयालिस हजार चार सौ ग्यारह और सत्तर पैसे मात्र) **इंडियन बैंक सीसीएमसी शाखा** को देय है जिसकी वसूली के लिए **"जहाँ है-जैसा है" जैसा है वैसा है"** और **"जो कुछ भी है"** की शर्त से दिनांक **21.11.2021** पर सुरक्षित एवं सक्षम खरीददार को बेचा जाएगा।
"ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से बिक्री के लिए लाए जाने वाले संपत्ति का विशिष्ट विवरण नीचे दिया गया है-

अचल संपत्ति का विवरण। अनुसूची- **श्री नजम हुसैन** पिता- श्री अब्दुल हुसैन, खसरा नं. 497/2 (पी), प.ह.नं. 13/18 (विलेख के अनुसार), खाता नं. 2123, खसरा नं. 497/24, प.ह.नं. 13/18, आर.एन.एम. दुर्ग- (बी1 के अनुसार), मौजा- जामुल, दुर्गा मंदिर, वार्ड नं. 04, तहसील व जिला- दुर्ग छ.ग. भूमि के समस्त भाग तथा अंश। भूमि का क्षेत्रफल- 186.10 वर्गमीटर। **चौहद्दी: उत्तर-** विक्रेता की बचत भूमि, **दक्षिण-** विक्रेता की बचत भूमि, **पूर्व-** श्री त्रिपाठी की भूमि, **पश्चिम-** 25 फीट चौड़ी सड़क।

संपत्ति का अन्य ऋणभार	नीरंक
आरक्षित मूल्य	₹ 9.70 लाख
अमानत राशि	₹ 0.97 लाख
बोली जमा करने की वृद्धिशील राशि	₹ 10,000.00
ई-नीलामी की तिथि एवं समय	29.11.2021, सुबह 11.00 से सायं 4.00 बजे तक
संपत्ति आईडी क्रमांक	IDIB6645119862

ऑन लाइन बोली में भाग लेने के लिए बोलीदाताओं को हमारे ई-नीलामी सेवाप्रदाता एमएसटीसी लिमिटेड की वेबसाइट (www.mstcecommerce.com) पर जाने की सलाह दी जाती है। तकनीकी सहायता के लिए कृपया एमएसटीसी लिमिटेड सहायता केंद्र के नम्बर 033-22901004 और अन्य हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें, जो सेवा केन्द्र के सहायता पटल में उपलब्ध है, एमएसटीसी लिमिटेड के साथ पंजीकरण की स्थिति के लिए ibapiop@mstcecommerce.com पे संपर्क करें और अमानत राशि स्थिति कि विवरण और संपत्ति की तस्वीरें और नीलामी की नियम और शर्तों के लिए कृपया ibapifin@mstcecommerce.com पे संपर्क करें, इस पोर्टल से संबंधित स्पष्टी करण के लिए कृपया हेल्पलाइन नंबर 18001025026 और 011-41106131 पर संपर्क करें। बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वेबसाइट पर संपत्ति की खोज के लिए उपरोक्त दिए गए प्रॉपर्टी आईडी नंबर का उपयोग https://ibapi.in और www.mstcecommerce.com पे करें।

विवाद की स्थिति में दिनांक 02.11.2021 का अंग्रेजी अखबार "सेन्ट्रल क्रॉनिकल" रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 01.11.2021 स्थान: भिलाई प्राधिकृत अधिकारी/इंडियन बैंक

Happy Diwali
सहेली का
विशेष कलेक्शन
ख़ास बनाए
हर सेलिब्रेशन
HAPPY Dhanteras
विशेष वैवाहिक सेट्स,
वैवाहिक गिफ्ट सेट्स,
डायमण्ड सेट्स, ट्रेडिशनल ज्वेलरी,
एंटिक ज्वेलरी एवं मोती के साथ
ज्वेलरी के अनगिनत श्रृंखला से
अपने लिये चुने कुछ ख़ास
100% हॉलमार्क ज्वेलरी शोरूम
सहेली ज्वेलर्स
Wholesaler & Retailer of Gold Bullion
गाँधी चौक, दुर्ग फोन: 2210144, 4051644
26, सिविक सेंटर, भिलाई फोन: 2261644, 2261642
श्री शिवम मॉल, दुर्ग फोन: 2321945/44
बीएसपी मार्केट, रिसाली, भिलाई फोन: 2265844, 2265944
बाजार चौक, उतई फोन: 2673657
मेन रोड, गुण्डरदेही फोन: 2628133
कोहका सिरसा रोड, भिलाई फोन: 2294344/45

Happy Diwali
Grace
By GANAPATI
Living Spaces blessed by His Grace
Tallest Building of Durg-Bhilai
in the ♥ of the City
Site Address : Opp. Shankara Nursing College, DPS Road, Junwani, Bhilai
Bookings Open
शुभ धनतेरस
Limited Flats Available
VISIT TODAY & EMBRACE THE BEAUTY OF GRACE LUXURY NOW HAS A NEW FACE
AS YOUR DREAM HOME WILL BE READY FOR POSSESSION SOON
Amenities For A Graceful Life
As Per Govt. Norms Benefit Upto 2.67 Lakh Under Prime Minister Aawas Yojna
Instant Bank Finance Upto 90%
Madhyani Builders
Corporate Office: Ganapati Vihar Colony, Potiya Road Borsi, Durg, Phone : 0788-2340021
Contact : 98260-81020


Aasma
Builders & Colonisers
Happy Diwali
Why Aasma City Homes?
Spacious properties, Landscaped gardens, swimming pool, olympic size swimming pool, tree plantation, temple, community hall and center are some of the prominent amenities Accessibility to key landmarks Schools, malls, shopping, hospitals in close vicinity
Recent Projects
Aasma Flora
Aasma Gulmohar
Aasma Lily
Aasma Tulip
Aasma Orchid
Bilaspur Chhattisagarh
Office Address : Opposite Hanuman Mandir, Mungeli Road, Bilaspur, Chhattisgarh-495001, India
+91-9424143229, 9424140292, info@aasmabuilders.com